CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**नवम नवरात्र देवी मां सिद्धिदात्री**



**आज रामनवमी**



वर्ष- 43 | अंक -151 | राजनांदगांव, बुधवार 17 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़, 25-25 लाख के इनामी ललिता और शंकर राव सहित 29 नक्सली मारे गए

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटेबेटिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़, मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे से लेकर शाम लगभग चार बजे तक चली। जवानों ने मारे गए सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। मारे गए नक्सलियों में 25-25 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों के टाप कमांडर शंकर राव और महिला नक्सली ललिता के साथ राजू भी शामिल हैं। शेष अन्य शवों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर सहित तीन जवान घायल हुए हैं। इन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया जा रहा है। मृत नक्सलियों के शवों के पास से सात एके 47 और तीन एलएमजी हथियार और इंसास रायफल की बरामदगी की गई है।

### बीएसएफ के इंस्पेक्टर समेत दो जवान घायल

मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर समेत दो जवान घायल हो गए हैं। इंस्पेक्टर रमेश चंद्र चौधरी के पैर में गोली लगी है, जबकि डीआरजी जवान सूर्यकांत श्रीमाली सहित एक अन्य जवान घायला है। घायल जवानों को रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित नारायणा अस्पताल रेफर किया गया है। जवानों ने 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। कांकेर



ललिता | शंकर राव

जिले के एसपी आईके एलेसेला ने जानकारी देते हुए कहा कि छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड में कई नक्सलियों के मारे जाने और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए आवश्यक इंतजाम किया जा रहा है।

### बीजापुर में 10 दिन पहले 13 नक्सली हुए थे ढेर

बीजापुर जिले के कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में हुए मुठभेड़ में पुलिस ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। यही नहीं लगभग इतनी ही संख्या में नक्सली बुरी तरह से घायल भी हुए थे। गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा में दो अप्रैल को हुए मुठभेड़ में 13 में से 11 नक्सली की पहचान हुई थी। इसमें पीएलजीएस कंपनी दो के सुखराम हेमला, हूंगा परसी, लक्खू कोरसा, डिवीसीएम सीतक्का (जितरू, डीवीसी की पत्नी), दुला कुहराम, सोनू अवलम, सुदरू हेमला, चैतु पोटाम, लच्छू कड़ती, लक्ष्मी ताती व कमली कुंजाम के रूप में हुई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांकेर में कब-कब हुआ मुठभेड़

- इससे पहले, 25 फरवरी को हूरतराई के जंगल में नक्सली एनकाउंटर में तीन नक्सली मारे गए थे।
- तीन मार्च को छोटे बेठिया के हिदूर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था। जबकि एक बस्तर फाइटर का जवान बलिदान हुआ था।
- 16 मार्च को भी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।
- 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी नक्सली हमला हुआ था, जिसमें दो बीएसएफ जवान बलिदान हुए थे।

# बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान- ईवीएम पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट





नई दिल्ली। चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्रों के उपयोग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना ने ईवीएम को हटाने की याचिका के पक्ष में अपनी बात रख रहे प्रशांत भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला बैलेट पेपर पर वापस जाएं . दूसरा फिलहाल 100 फीसदी वीवीपैट मिलान हो. अदालत ने कहा कि देश में 98 करोड़ वोटर हैं. आप चाहते हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो. प्रशांत भूषण ने कहा कि बैलेट से वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है या वीवीपैट मे जो पर्ची है उसे मतदाताओं को दिया जाए.

### प्रशांत भूषण ने क्या कहा?

प्रशांत भूषण ने वीवीपैट की पर्ची मतदाताओं को देने की मांग के साथ कहा कि मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स मे डाल दे. अभी जो वीवीपैट है उसका बॉक्स ट्रांसपेरेंट नहीं है.सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है.

### वीवीपैट की गिनती में लग जाएंगे 12 दिन

वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए. जस्टिस खन्ना- क्या 60 करोड़ वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए? वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे. एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया. जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है.

बारकोड से गिनती में मदद नहीं मिलेगी जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईवीएम सही काम कर रहीं है या नहीं ये जानने के लिए हमें डेटा चाहिए होगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से डेटा मांगा है. कुछ मिसमैच ह्यूमन एरर की वजह से है. याचिकाकर्ता के वकील द्वारा जर्मनी के सिस्टम के उदाहरण देने पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि मेरे गृह राज्य पश्चिम बंगाल की जनसंख्या जर्मनी से भी अधिक है.

हमें किसी पर भरोसा और विश्वास जताना होगा. इस तरह से व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश मत करिए. इस तरह के उदाहरण मत दीजिए... यह एक बहुत बड़ा काम है... और यूरोपीय उदाहरण यहां काम नहीं आते. ईवीएम पर सुनवाई 18 अप्रैल को जारी रहेगी. एक वकील ने आरोप लगाया कि ईवीएम को पब्लिक सेक्टर यूनिट की कंपनियां बनाती है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या प्राइवेट कंपनी ईवीएम बनाएगी तो आप खुश होंगे.अगली सुनवाई गुरूवार 18 अप्रैल को होगी.

# हाईकोर्ट की शरण में मार्कफेड के पूर्व एमडी : ईडी और एसीबी की एफआईआर को दी चुनौती, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

बिलासपुर। मार्कफेड में कस्टम मिलिंग के चावल में गड़बड़ी कर करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी ने याचिका दायर कर ईडी और एसीबी की एफआईआर को चुनौती देते हुए अंतरिम राहत के लिए आवेदन किया है। मामले में हाईकोर्ट ने ईडी और राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।



दरअसल प्रदेश में हुए चावल घोटाले पर ईडी ने इनकम टैक्स की शिकायत के आधार पर जांच की शुरूआत की। इस दौरान संदिग्ध दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और 1 करोड़ 6 लाख कैश मिला है। आयकर छापे से विभाग को मार्कफेड से जुड़े लोगों द्वारा साजिश रचने और करोड़ों की रिश्वत हासिल कर मिलर्स को फायदा पहुंचाने की जानकारी मिली थी। मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी ने ईडी और एसीबी की कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अपनी याचिका में उन्होंने एफआईआर को ही गैरकानूनी बताया है। साथ ही अंतरिम राहत के लिए आवेदन कर एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस टीपी शर्मा की बेंच ने ईडी और एसीबी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या में विशेष इंतजाम, भक्तों को मिलेगा खास प्रसाद; दो लाख पैकेट हैं तैयार

अयोध्या। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बुधवार को भव्य-नव्य मंदिर में पहली बार श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बीच जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों को देने के लिए प्रसाद की विशेष तैयारी है। धनिया की पंजीरी युक्त प्रसाद के दो लाख से अधिक पैकेट तैयार हैं।

रामलला के जन्मोत्सव में धनिया की पंजीरी का विशेष महत्व है। इसका भोग भी लगता है। भोग के बाद ही इसे वितरित किया जाएगा। लगभग 10 क्विंटल से अधिक पंजीरी बनाई गई है। बड़ी मात्रा में लड्डू और पेड़ा का भी वितरण होगा। पंजीरी के अलावा प्रसाद के पैकेट में पंचमेवा, रामदाना आदि भी होगा। प्रसाद की कुल मात्रा 40 क्विंटल होगी।

### रामलला को लगाया जाएगा छप्पन भोग

रामलला को छप्पन भोग लगाया जाएगा। पंचामृत भी तैयार किया जाएगा, जिसे प्रसाद के साथ भक्तों को वितरित किया जाएगा। दोपहर में राम जन्म के बाद प्रसाद बांटा जाएगा। ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।



### सेवा सत्कार के मोर्चे पर डटे आरएसएस के स्वयंसेवक

आरएसएस के स्वयंसेवकों ने सेवा सत्कार का मोर्चा संभाल लिया है। नगरी के 20 से अधिक स्थानों पर पेयजल व चिकित्सा शिविर लगे है। स्वयंसेवक शिविर के सामने से गुजरने वाले भक्तों से पानी पीने का आग्रह करते हैं। मंगलवार को शिविर प्रारंभ हुए। दिनभर इन शिविरों में भीड़ रही। इसमें लगभग एक हजार स्वयंसेवक लगे हैं।

### दर्शन कराने के लिए है विशेष तैयारी

कुछ दिन पहले से ही शाम को सोहर, भजन आदि की प्रस्तुतियां हो रही हैं। जिला प्रशासन व ट्रस्ट ने मिल कर उत्सव में शामिल होने के लिए आने वाले भक्तों को रामलला का सुगम दर्शन कराने की तैयारी की है। दर्शन सात लेनों से कराया जाएगा। एक अन्य व्यवस्थापक ने बताया कि भक्तों को कतार में पानी व प्रसाद दिए जाने की कोशिश की जाएगी।

# सुरजेवाला का बयान अशोभनीय, अश्लील और असभ्य- चुनाव आयोग

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है. कार्रवाई के तहत आयोग ने सुरजेवाला को 2 दिनों के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है.

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस को चेताया था कि चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं का अपमान नहीं कर सकते. हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी के बाद चुनाव आयोग ने ये हिदायत दी थी. चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 और इस संबंध में सक्षम बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों के तहत, सुरजेवाला को मौजूदा चुनाव के संदर्भ में 16 अप्रैल को शाम 6 बजे से 48 घंटे तक किसी भी जनसभा, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, रोड शो और साक्षात्कार, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया) आदि में सार्वजनिक भाषण देने से रोक लगा दी है.



**अभद्र टिप्पणी मामले में रणदीप सुरजेवाला पर ईसी की कार्रवाई, दो दिन नहीं कर पाएंगे चुनाव प्रचार**

चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला के बयान को अशोभनीय, अश्लील और असभ्य बताया था. कंगना रनौत पर विवाद को लेकर सुप्रिया श्रीनेत पर अपनी सख्ती का हवाला देते हुए आयोग ने अपने नोट में कहा, ये दुर्भाग्यपूर्ण है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# संविधान बदलने की कोशिश में है भाजपा, आरएसएस : कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है और इससे भाजपा ने करोड़ों रुपये की वसूली की है। श्री गांधी ने केरल में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी करोड़ों रुपये की इस उगाही का बचाव करने का प्रयास कर रहे हैं। इस योजना में उगाही का अनोखा तरीका अपनाया गया है। तरीके में जांच एजेंसियां कंपनियों पर कार्रवाई करती हैं और उसके बाद वही कंपनियां भाजपा को चंदा देती हैं। कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट मिलते हैं, फिर वही कंपनियों भाजपा को चंदा देती हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया कभी भी इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के बारे में बात नहीं करता। इस बारे में कहीं कोई लेख लिखता है तो ईडी-सीबीआई उनके घर पहुंच जाती है। आरएसएस भाजपा संविधान को बदलने की साजिश कर रहे है। श्री गांधी ने कहा, मोदी हिंदुस्तान के सिर्फ पांच-छह बड़े उद्योगपतियों के लिए ही काम करते हैं। प्रधानमंत्री महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाते हैं।

# इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर अखिलेश का भाजपा पर बड़ा वार, कहा- चुनावी बॉन्ड काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को चुनावी बॉन्ड को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का प्रयोग विपक्ष को परेशान करने व चुनावी चंदा वसूलने के लिए किया है। अखिलेश ने कहा कि चुनावी बॉन्ड का विवरण सामने आने के बाद यह साबित हो गया है कि भाजपा सबसे बड़ी खाऊ पार्टी है। चुनावी बांड महाघोटाले का सुप्रीमो है। सपा मुखिया ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चुनावी बॉन्ड बेरोजगारी, महंगाई, शोषण व युवाओं का भविष्य खराब करने की भाजपाई गारंटी है।

### भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का दिया नारा

उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर हमारे ऊपर क्या-क्या आरोप लगाए गए, आज यह सामने आ गया कि उसी वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया है। न खाएंगे न खाने देंगे का नारा लगाने वाली भाजपा आज डकार भी नहीं रही है। महंगाई बढ़ने का कारण भी चुनावी बॉन्ड है। सपा अध्यक्ष ने एक बार फिर भाजपा हटाओ नौकरी पाओ का नारा दिया।

### पाठकों को बधाई...



चैत्र नवरात्र एवं श्रीराम नवमीं (जन्मोत्सव) पर समस्त सुधि पाठकों एवं प्रतिनिधियों व विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

**- सम्पादक**

### आज अवकाश

श्री रामनवमीं के उपलक्ष्य में आज 17 अप्रैल 2024 को दैनिक दावा कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 19 अप्रैल 2024 को प्राप्त होगा।

**- व्यवस्थापक**

# 'गनीमत है मोदी ने यह नहीं कहा- 'अबकी बार 600 पार', खरगे ने पीएम मोदी के नारे को बताया अहंकार

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही अगले पांच साल के कार्यक्रमों के लिए सचिवों की बैठक बुला रहे हैं। इसतरह का अतिआत्मविश्वास और घमंड देश और लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। गनीमत है मोदी ने यह नहीं कहा-अबकी बार 600 पार।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा कि आईएनडीआईए के प्रधानमंत्री पद के चेहरे का मुद्दा चुनाव के नतीजों के बाद ही सुलझाया जाएगा। पहले हमें चुनाव जीतने की जरूरत है। चुनाव जीतने के बाद घटक दलों की जैसी स्थिति होगी, उसी आधार पर चर्चा होगी और फैसला लिया जाएगा।

### कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में चुनाव जीता

कर्नाटक से राज्यसभा सांसद ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव जीत लिया था चीजें बहुत सकारात्मक और अच्छी लग रही हैं।

### एनडीए का अहंकार से भरा प्रचार

एनडीए के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतने के मोदी के दावे पर खरगे ने कहा कि सौभाग्य से उन्होंने यह नहीं कहा, अबकी बार 600 पार। यह एक अहंकार से भरा प्रचार है। विपक्ष को कमतर आंक कर खुद को ही सबकुछ समझ लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिन नेताओं को वाकई सत्ता में वापसी का पूरा भरोसा होगा, वह भी ऐसा नहीं करेंगे।

### अमेठी-रायबरेली पर फैसला लेने के लिए अभी समय

अमेठी और रायबरेली से किसी नेहरु-गांधी परिवार के सदस्य के चुनाव लड़ने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां बाद के चरण में चुनाव है, इसलिए इस पर फैसला लेने के लिए अभी भी समय है।

# टीएमसी बंगाल में जनसांख्यिकी बदलने की कर रही है कोशिश - मोदी

रायगंज/बालुरघाट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर हमला तेज करते हुए सत्तारूढ़ दल पर बंगलादेश और रोहिंग्या घुसपैठियों को यहां बसने की अनुमति देकर और भारतीय नागरिकों के अधिकारों में कटौती करके पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया।



श्री मोदी ने कहा कि बंगलादेश और रोहिंग्याओं के घुसपैठियों के आने से राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है क्योंकि उन्हें बंगाल में सुरक्षित शरण मिली हुई है और टीएमसी शासन के तहत भारतीय नागरिकों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। उन्होंने रायगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार कार्तिक पाल के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में रामनवमी की रैलियों की अनुमति नहीं दी गई है और अगर ऐसी रैलियां अन्य तरीकों (न्यायपालिका) द्वारा अनुमति दी गई, उनके साथ पथराव और ब्रिक बैटिंग हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी की विभाजनकारी नीति के कारण बंगाल के लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और वह नागरिका संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

सीएए यहां बसे शरणार्थियों के लिए भारतीय नागरिकता की गारंटी है। श्री मोदी ने कहा, दुर्भाग्य से प्रदेश में आम लोगों के लिए कोई निर्धारित सरकारी नियम नहीं हैं और प्रमोटरों, भ्रष्ट लोगों और सिंडिकेटेड लोगों के इशारे पर नए नियम और कानून अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने इशारा किया और कहा कि टीएमसी के गुंडे लोगों को स्वतंत्र रूप से वोट नहीं डालने देते। उन्होंने कहा कि प्रदेश पहले ही कांग्रेस, वाम और अब टीएमसी के शासन में लंबे समय तक पीड़ित रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, विशेष रूप से महिलाओं, माताओं और बहनों की इतनी बड़ी भीड़ देखने के बाद, अब मुझे विश्वास हो गया है कि बंगाल के लोग आने वाले चुनाव में बदलाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।÷ उन्होंने कहा,÷टीएमसी, कांग्रेस और वाम के खिलाफ पश्चिम बंगाल का गुस्सा साफ दिख रहा है। श्री मोदी ने कहा भाजपा के प्रति उत्साह देखने के लिए रायगंज (उत्तरी दिनाजपुर) आएं।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल सिर्फ एक ट्रेलर थे और चार जून के बाद, जिस दिन 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, भाजपा पश्चिम बंगाल सहित आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए अपनी सभी लाभकारी योजनाएं शुरू करेगी। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है और लोगों से 2024 के आम चुनाव में 400 से अधिक सीटें सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद, राजनीतिक हत्याएं, केंद्रीय भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी और आतंकवाद विरोधी एजेंसी पर हमले पश्चिम बंगाल में आम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली के अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# महाअष्टमी हवन की सुगंध से महका समूचा वातावरण

*अष्टमी व नवरात्रि नवमी में रही कन्या पूजन की धूम, मंदिरों में हुए हवन-पूजन के आयोजन, भक्तों की उमड़ी रही भीड़*



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि की अष्टमी तिथि को ज्योति जवांरा स्थलों व देवी मंदिरों में विधि-विधान के साथ महाअष्टमी हवन का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मातारानी को यज्ञाहुति दी गई। इस दौरान शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में आयोजित महाष्टमी के यज्ञ हवन से पूरा वातावरण धर्ममय बना रहा, वही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञायोजन में श्रद्धालुओं द्वारा आहुति प्रदान किए जाने से पूरा माहौल यज्ञ हवन की सुगंध से महक उठा, जिससे चारों ओर स्निग्धता छायी रही।

बता दे कि मंगलवार नवरात्र अष्टमी के दिन सुबह 10 बजे से यज्ञ-हवन का कार्यक्रम शुरू होकर देर रात तक जारी रहा। शहर के महामाई मंदिर, (कसाई पारा) में शाम को 6 बजे अष्टमी हवन का कार्यक्रम आयोजित रहा वही काली माई मंदिर सहित अन्यान्य मंदिरों में इसी समय के आसपास अष्टमी हवन किया गया। इसी तरह चिखली स्थित शिव शक्ति, काली माता मंदिर व लखोली नाका स्थित चण्डी मंदिर में दोपहर दो बजे अष्टमी हवन कर यज्ञाहूति प्रदान की गई। इस दौरान शहर के शीतला मंदिर-पाताल भैरवी मंदिर, किलापारा, दुर्गा मंदिर, नंदई स्थित फिरतीन माता मंदिर, चरण पादुका मंदिर,( पेंड्री-बरगा) व सिंघोला मां भानेश्वरी मंदिर, बहमनी स्थित चण्डी मंदिर व अन्यान्य मंदिरों में सुबह से देर शाम रात तक भक्तों की भीड़ बनी रही। मंदिर परिसर में जसगीत गान सहित विविध धार्मिक आयोजन किए गए जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया व मातारानी सहित ज्योति जंवारा का दर्शन कर चढ़ावा चढ़ाए व दान पूण्य के कार्य किए। इस दौरान वातावरण में माताजी की जय-जयकारा गूंजेती रही।

## कन्या पूजन की धूम

बताते चले कि 9 अप्रैल से प्रारंभ नवरात्रि पर्व का आज बुधवार 17 अप्रैल की नवमी तिथि को अंतिम रहा । इसके पहले महाष्टमी का दिन बहुत ही महत्व पूर्ण रहा। यह दिन कई शुभ योगों के कारण मां दुर्गा की पूजा उपासना में विशेष लाभदायक माना गया। इसदिन सर्वार्थ सिद्धि व रवि, संग घृति योग का संयोग रहने व अभिजीत मुहूर्त सिर्फ 52 मिनट तक रहने के कारण कई देवी स्थलों व मंदिरों में इस मुहूर्त पर ही अष्टमी हवन-पूजन किया गया। इसके बाद कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

बता दे कि जिन घरों में अष्टमी की पूजा कर के व्रत खोले जाते है वे इसी दिन हवन और कन्या पूजन भी करते है। वैसे महाष्टमी पर हवन और कन्या पूजन के लिए पूरा दिन ही शुभ रहा। इसके बाद भी लोग दोपहर बाद भी कन्या पूजन में जुटे रहे। कन्या पूजन का सिलसिला आज 17 अप्रैल बुधवार को भी दिन भर जारी रहेगा। मंदिरों में हवन-पूजन के बाद श्रद्धालु जनों ने दो वर्ष से लेकर 16 वर्ष की कन्याओं का पूजन किया। इस दिन नौ -कन्याओं की खासी मांग बनी रही।

लोगों ने इन नौ-कन्याओं का भलिभांति पूजन कर उन्हें भोजन जिमाया और सौन्दर्य प्रसाधन की वस्तुए सहित नगद राशि की दान-दक्षिणा दी। बता दे कि इन अबोध नौ-कन्याओं को मां जगज्जननी दुर्गा का रूप माना जाता है। नवरात्रि पर्व के नवमी तिथि को इन नौ-कन्याओं की पूजन कर परम्परा है। इससे खुश होकर देवी मां सबको मनोवांछित फल प्रदान करती है। श्रद्धालु जन नवरात्रि के नौ दिनों तक की गई। मातारानी की पूजा-आराधना ध्यान साधना उपासना के उपरांत अष्टमी हवन में आहुति प्रदान कर नौ कन्या पूजन करने से मंदिरों सहित अन्यान्य धर्म स्थानों में कन्या पूजन की धूम रही।

# एनबीआईएस में कैरियर काउंसिल



राजनांदगाँव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में एनबीआईएस एवं नीरज विद्या मंदिर, डोंगरगाँव के कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के लिए शाला द्वारा विशेष कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। यह सेशन जाने माने साइक्लोलाजिस्ट, कैरियर मेंटर एवं यू ट्यूबर विशाल कुमार पांडेय, भिलाई (7000155807) द्वारा लिया गया। श्री पांडेय द्वारा बच्चों को विषय अनुरूप नयी आधुनिकता के साथ नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गयी। ताकि बच्चे भविष्य में ऐसे विषयों का चयन कर पाए जिससे बच्चों को लाभ प्राप्त हो। इसके अलावा विषय अनुसार सभी विषयों की क्रमवार जानकारी दी गई। काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों को विषय चुनने में सहायता मिलती है जो बेहतर भविष्य के लिए उपयुक्त हो।

शाला का उद्देश्य बच्चों के भविष्य को गढ़ना है। जिसमें बच्चों को अपने उद्देश्य के लिए प्रेरित करना है। श्री पांडेय द्वारा बच्चों के सवालों का जवाब बड़ी ही सरलता से दिया गया साथ ही बच्चों की समस्याओं का भी समाधान किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा श्री पांडेय का आभार प्रदर्शन किया गया। साथ ही श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को आश्वस्त किया गया कि निश्चय ही श्री पांडेय द्वारा लिया गया यह सेशन बच्चों का उचित मार्गदर्शन देंगे और बेहतर भविष्य के लिए इस तरह की काउंसलिंग की आवश्यकता भी है।

# मधुसूदन नायर को रॉयल किड्स कान्वेंट द्वारा दी गई भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। शहर की अग्रणी संस्था रॉयल किड्स में सत्र 2023-24 में एकेडमिक डायरेक्टर और प्राचार्य के पद पर कार्यरत श्री मधुसुदन नायर को गरिमामय कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी गई।

शिक्षाविद श्री नायर एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य पद पर अनुबंधित एक वर्षीय शैक्षणिक कार्यकाल के पश्चात कल संस्था द्वारा प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव की उपस्थिति में स्मृति चिनह प्रदान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह द्वारा उनके कार्यो की सराहना की गई।

उन्होंने कहा संस्था में मधुसूदन नायर सर का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा, उनकी सेवाएँ अविस्मरनीय रहेंगी।

मधुसूदन नायर ने संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह सर को याद किया और कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान दिये गए सहयोग के लिए संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रबंधक समिति के सदस्य एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उपस्थित वक्ताओं एवं शाला परिवार ने मधुसूदन नायर की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संपूर्ण शाला को एकसूत्र में बांधकर रखा।

# लेबर कालोनी व तुलसीपुर क्षेत्र में निगम आयुक्त ने प्रातः सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रतिदिन प्रातः साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने तथा सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज वार्ड नं. 16 लेबर कालोनी एवं वार्ड नं. 17 तुलसीपुर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर मतदान केन्द्र दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तथा तुलसीपुर क्षेत्र के सॉई गली, कलेक्ट्रेड के पीछे, सिविल लाईन में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी ली तथा पंजी में उपस्थिति दर्ज कर्मचारी स्थल में नहीं पाये गये, जिसपर नराजगी व्यक्त करते हुये वार्ड के सफाई दरोगा श्री सुनील घनश्याम व वार्ड प्रभारी श्री विजेन्द्र मानिकपुरी को नोटिस जारी करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा से कहा। उन्होनें कहा कि प्रतिदिन सफाई की मानिटरिंग करे और निर्धारित समय तक सफाई करावे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वालों से कचरा संग्रहण की जानकारी लेकर घर से ही गिला सूखा कचरा अलग अलग देने तथा यूजर चार्ज देने समझाईस देने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तुलसीपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान लेबर कालोनी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा ठा.प्यारेलाल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जानकारी लिये, श्री रामटेके ने जनकारी दी कि इस स्कूल में 7 मतदान केन्द्र है, जिसके लिये लिखाई कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त ने कहा कि मतदान केन्द्रों में बिजली पानी शौचालय आदि आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करे, सभी मतदान केन्द्रों में कोई कमी न हो इसका संबधित अधिकारी ध्यान रखे।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता दीपक महला व अनुप पाण्डे, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

# युगांतर में समर कैंप आगामी 27 अप्रैल से



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में आगामी 27 अप्रैल से नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का बहुआयामी आयोजन रखा गया है। समर कैंप में भाग लेने के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इस आयोजन को लेकर नगर के विद्यार्थियों में उमंग का वातावरण बना हुआ है। विद्यार्थीगण आयोजन में भाग लेने के साथ-साथ विद्यालय में एडमिशन लेने के लिए निरंतर आ रहे हैं। विद्यालय में एडमिशन के लिए सीट सीमित होने के कारण बच्चों के पालकों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस संदर्भ में विद्यालय की समर कैंप प्रभारी वंदना सिंह तथा शालिनी नायर ने बताया कि युगांतर द्वारा नगर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का रचनात्मक आयोजन हर वर्ष रखा जाता है। इसमें विद्यार्थी नई उमंग और उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा विकास करते हैं। उन्होंने नगर के सभी विद्यालय के विद्यार्थियों से यह अनुरोध

**नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए युगांतर का बहुआयामी आयोजन**

किया है कि वे बड़ी तादाद में इस बहुआयामी रचनात्मक आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का विकास करें।

इस समर कैंप में विभिन्न राज्यों से आए विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों द्वारा सेवाएँ दी जाएगी। इन प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योगा, जुम्बा, बैडमिंटन, स्केटिंग,कराटे, चैस,स्विमिंग, कैलीग्राफी, नृत्य, संगीत, रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी, पी आर ओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों से इस आयोजन में सहभागिता दर्ज कर इस बहुआयामी आयोजन को यादगार बनाने का आह्वान किया है।

# नंदई शहर सतनामी समाज ने मनाया डॉ. बाबा साहेब की जयंती



राजनांदगांव (दावा)। डॉ.बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर शहर सतनामी समाज सेवा समिति नंदई रोड, राजनांदगांव द्वारा गुरु घासीदास भवन में डॉक्टर अंबेडकर जयंती बड़ी धूम धाम से मनाया गया।

इस जयंती के अवसर पर सतनामी समाज ने पूरे कार्यक्रम में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के शिक्षा के विषय में जोर दिया एवं शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन अध्यक्ष नरेन्द्र राय, पारस चंदनिया, उपाध्यक्ष किशन जोशी, कोषाध्यक्ष विनोद गेन्ड्रे, क्रेम पात्रे एवं मिनी माता महिला मंडल की वरिष्ठ शकुनतला कौशिक, अध्यक्ष लक्ष्मी पात्रे, महामंत्री गंगा सोनवानी, कोषाध्यक्ष सरिता जोशी एवं एससी एसटी हॉस्टल के विद्यार्थी एवं युवावर्ग राज खरे डायमंड कोठले, मयंक कुर्रे, शंकर कुर्रे, इंद्रकुमार खरे, संतोष जांगड़े, देवागेन्ड्रे, कोमल कौशिक, बंशी बघेल, हेमू कौशिक एवं समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। साथ ही समाज के सचिव मनीष भारती ने कहा की आज शहर सतनामी समाज नंदई बाबा गुरुघासीदास जी के दिए संदेश 'मनखे मनखे एक समान' की बातो का अनुसरण करती है और बाबा गुरुघासीदास जी ने सत्य और सादगी के मार्ग में चलना सिखाया है और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी ने सत्य और सादगी के मार्ग में आने वाले बाधा से लड़ने का समस्त समाज को शिक्षा रूपी हथियार दिया और संवैधानिक रूपी ढाल दिया है। जिसका उपयोग कर के हम समाज और देश की सेवा करने का आग्रह किया और अंत में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद कर कार्यक्रम की समाप्ति किए।

# रायपुर-गोंदिया के मध्य 16 व 17 अप्रैल को डोंगरगढ़ स्टेशन पर ठहराव के साथ रेल सेवा

राजनांदगांव (दावा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि पर्व दिनांक 9 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक आयोजित मेला में आने-जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियों का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है।


डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ मेले के दौरान दर्शनार्थियों के लिए अतिरिक्त सुविधा दी गई है इस के अलावा 16 अप्रैल 2024 को गाड़ी क्र. 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है, गाडी क्र. 12102 एक्सप्रेस दिनांक 16.04.24 को डोंगरगढ स्टेशन पर 11.16 व 11.17 बजे आगमन/प्रस्थान करेंगी।

इसके अतिरिक्त एक जोड़ी अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन 08781/08782 रायपुर तथा गोंदिया के मध्य 16 व 17 अप्रैल डोंगरगढ़ स्टेशन पर ठहराव के साथ दिया गया है।

# संकल्पित आस्था के पर्याय हैं हरिचंद - राकेश ठाकुर

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्र के पावन अवसर पर हर व्यक्ति अपनी आस्था के साथ सेवा कार्य में लग जाते हैं। इसी क्रम में डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम मारगांव निवासी हरिश्चंद्र बंजारे अपने घर के आंगन में सात फीट गड्ढा खोदकर समाधि लेते हुए अपनी आस्था व्यक्त किए हैं। नवरात्र के 9 दिन के लिए हरिचंद ने जब समाधि लिया, उसके पश्चात ग्रामवासी बड़ी संख्या में आस्था को नमन करने पहुंचने लगे।

इसी क्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के प्रतिनिधि के रूप मे राकेश ठाकुर एवं विधानसभा डोंगरगांव प्रभारी मेहुल मारू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनू राम साहू, जितेश साहू, पुनाराम साहू आदि हरिश्चंद्र के समाधि स्थल पर पहुंचकर उनके आस्था के साथ-साथ संकल्पित साहस को नमन कर माता से हरिशचंद को बल प्रदान करने की कामना भी किए है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 19 से बी.ए. फाईनल ईयर, रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सत्य कथानक पर आधारित
बोनी कपूर कृत
मैदान
कलाकार - अजय देवगन, प्रियामणि, कीर्ति सुरेश, बोमन ईरानी, गजराज सिंह आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th April To 14th April 2024
silver SCREEN

Bade Miyan Chote Miyan - 11:30am, 03:15, 06:15 and 09:30 pm


Maidaan - 11:45am, 02:30, 06:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# नवरात्रि पर गायत्री विद्यापीठ में बच्चों ने किया देवी दर्शन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ के कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में स्थित काली बाड़ी मंदिर के दर्शन किए। जिसका उद्देश्य बच्चों में नैतिक गुणों के विकास के साथ-साथ अध्यात्म पर आस्था, विश्वास को बढ़ावा देना था जिसमें बच्चों ने देवी आराधना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ देवी आरती के पश्चात् पवित्र मंत्रोच्चारण करते हुए देवी का गुणगान किया। बच्चों ने 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता' का सस्वर पाठ किया और एक स्वर में माता का सुमधुर भजन सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रभारी शिक्षिका श्रीमती वसुधा लड्ढा, श्रीमती सोनल रायचा एवं प्री-प्राइमरी विभाग के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अमित उत्तलवार के साथ-साथ शाला की उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

# गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक तंगी से निजात का विकल्प कांग्रेस के न्याय पत्र में - ऋषि शास्त्री



**मोदी ने देश पर तिगुना और गरीब का दुगुना किया कर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है जिसको लेकर काफी सारे सवाल खड़े हो रहे है। जहां बीते दस सालों में देश का कर्ज तिगुना हो चुका है।

कांग्रेस पार्षद दल के प्रवक्ता ऋषि शास्त्री ने कहा कि आम जनता को महंगाई और आर्थिक तंगी की वजह से रोजाना की मूलभूत उपयोग में लाने वाली सामग्रियों के दुगुने दाम देने पड़ रहे है। भाजपा पिछले दस साल पूर्व महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और आर्थिक तंगी का हवाला देकर सत्ता में आई थी परंतु बीते दस साल में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और आर्थिक तंगी बेतहासा बढ़कर दुगुने स्तर तक जा पहुंच गई है।

इस पर सत्ता से जुड़े अर्थशास्त्री भी देश के लिये इसे घातक बताते हुए खतरे से आगाह किया है। जबकि सत्तासीन भाजपा ने इसे दरकिनार करते हुए सत्ता में बने रहने को लेकर अपनी चुनावी घोषाणाओं में वोट पाने के लिए हर बार की जुमलेबाजी पेश की है। ऋषि शास्त्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जो कि विश्व मे अर्थशास्त्र के जानकार के रूप में जाने जाते है। जिन्होंने अपने कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और आर्थिक व्यवस्था पर योजनाएं परिकल्पित कर कार्य किया, जो देश में आई विकट परिस्थितियों से भी लड़ने की ताकत रखती थी, पिछले दस सालों में केवल इन ताकतों को नए-नए एक्सपेरिमेंट कर तोड़ने का प्रयास भाजपा ने किया, जिसके कारण आज देशभर में परिणाम अभिश्राप बन गया है।

जिन उद्देश्यों से कांग्रेस द्वारा अपना घोषणा पत्र जारी किया गया है वह निश्चित ही इस कठिन परिस्थिति से पार पाने की मजबूती की झलक योजनाओं के जरिये जाहिर हो रही है, कांग्रेस के न्याय पत्र के जरिये ही सभी वर्गों का उत्थान होना संभव है। साथ ही गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी को भेद पाना संभव है, भाजपा ने सत्ता के दुरुपयोग से जिन चुनौतियों को पैदा किया है, इनसे पार पाने के लिए कांग्रेस ही एक मात्र देश के लिए विकल्प शेष है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403094800061**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-2024 पुर्रामटोला प.ह.न. 00022 [(हे)] पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-खेमनाथ, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमनाथ पिता अंकालू जाति गोड़ ग्राम पुर्रामटोला तहसील, छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की माता राजिम बाई पति अंकालू की मृत्यु दिनांक 15.04.1989 को पुर्रामटोला तहसील छुरिया में हुआ है जिसके मृत्यु का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपनी माता राजिम बाई की मृत्यु दिनांक 15.04.1989 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, पेश किया गया है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 19.04.2024 को स्वयं/वकिल/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार छुरिया**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-0
270-9 160-7
राजधानी
1-7-9
338-4 280-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आज श्रीराम नवमी, श्रीराम जन्मोत्सव पर्व की रहेगी धूम

राजनांदगांव(दावा)। आज नवरात्रि नवमी को शहर सहित पूरे अंचल भर में श्री राम नवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शास्त्र-पुराणों के अनुसार चैत्र मास के मधुमास पुनिता के दिन भगवान श्री राम अभिजीत मुहूर्त में जन्म लिए थे। उस पवित्र दिन की याद में समस्त सनातन धर्मी जन व सकल विश्व के हिन्दू समुदाय के लोग मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर्व को धूमधाम के साथ मनाते है। श्री राम नवमी पर्व को लेकर लोगों में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।

**0 कल विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**
**0 बाजे-गाजे के साथ श्री राम नवमी शोभायात्रा का होगा नगर भ्रमण**
**o सकल हिन्दू समाज व सभी सनातन धर्मियों की रहेगी उपस्थिति.**
**o .. गूंजेगा जय-जय श्री राम के नारे**



आज श्री राम नवमी के दिन लोग अपने घरों में भगवान श्री राम की पूजा-पाठ सहित मंदिरों में जाकर भगवान राम का दर्शन कर अपने घर परिवार की सुख शांति व खुशहाली की दुआए मांगेगे और भगवान श्री राम की मर्यादा पूर्ण आचरण को अपने जीवन में उतारने की कामना करेंगे। शहर में आज भगवान श्री राम जन्मोत्सव की धूम रहेगी। शहर के कैलाश नगर स्थित जलाराम मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यहां नवकन्या पूजन सहित सुबह देव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम की आरती-पूजन पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसी तरह शहर के जीई रोड स्थित श्री राम दरबार मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव, पूजा-पाठ व अन्य आयोजनों सहित मनाया जाएगा। वही बीएनसी मिल परिसर स्थित श्री राम मंदिर व नया बस स्टैण्ड समीप स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना सहित जन्मोत्सव पर्व मनाए जाने की धूम रहेगी। इस दौरान वातावरण में जय-जय श्री राम का नारा गुंजायमान बना रहेगा।

### श्रीराम नवमी शोभायात्रा

आज चैत्र माह के नवमी तिथि को भगवान श्री राम जन्मोत्सव की धूम बनी रहेगी वहीं कल 18 अप्रैल को शहर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा भव्य श्री राम नवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस सम्बंध में विहिप व बजरंग दल द्वारा ली गई प्रेस वार्ता में बताया गया कि श्री राम नवमी शोभायात्रा कल 18 अप्रैल को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक से निकाली जाएगी। श्रीराम नवमी शोभायात्रा के संयोजक अनूप श्रीवास ने बताया कि शोभायात्रा के एक दिन पूर्व 17 अप्रैल बुधवार को 12 बजे से एक बजे तक हनुमान मंदिर में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी की पूजा आरती के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। प्रेसवार्ता में उपस्थित विहिप के विभागीय मंत्री अरूण गुप्ता, नन्दू साहू, राधेश्याम गुप्ता, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, त्रिगुण सादानी, प्रशांत दूबे आदि ने बताया कि भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा श्री राम नवमी शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में निकाली जा रही है। विगत 17 वर्षों से निकाली जा रही इस शोभायात्रा के प्रथम अध्यक्ष पूर्व पार्षद राधेश्याम गुप्ता जी थे। इस शोभायात्रा को सभी समाज के लोगों का सहयोग मिलते आ रहा है। कल 18 अप्रैल को शहर में धूमधाम के साथ निकाली जाने वाली श्री राम नवमी शोभायात्रा में बैण्ड पार्टी के आकर्षक धुनों के साथ भगवान श्री राम के मतवाले झूमते-नाचते चलेंगे। वही मातृ शक्तियां भी डीजे के धून में श्री राम नाम का गान करते हुए झूमती-थिरकती चलेगी। शोभायात्रा में अखाड़ा सहित महाकाल का झांझ वादन व भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्री राम की चैतन्य झाकी व चलित झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

### धूमधाम के साथ नगर भ्रमण

श्री रामनवमी शोभा यात्रा के संयोजक अनूप श्रीवास सहित विहिप के अरूण गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर बनने व वहां प्रभू श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद संस्कारधानी नगरी में यह पहली बार श्रीराम नवमी शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली जा रही है। इसकी शुरूआत सन 2006 में हुई थी। आज यह सत्य सनातन धर्मियों की शोभायात्रा ने भव्य रूप से ले लिया है। कल निकाली जाने वाली श्रीराम नवमी शोभायात्रा में शहर के गणमान्य जनों सहित सभी मंदिर समितियों व समाज के लोग शामिल होंगे व सनातन एकता का परिचय देंगे। बाजे-गाजे के साथ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से दोपहर 3 बजे निकलने वाली श्री राम नवमी शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण होगा, जिसमें महावीर चौक हनुमान मंदिर से पूजा-पाठ के साथ निकालने वाली शोभायात्रा जयस्तंभ चौक होते हुए गांधी चौक, दुर्गा चौक होते हुए सदर बाजार रोड, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली से होकर कामठी लाईन, हलवाई लाईन, आजाद चौक से होते हुए गुड़ाखू लाईन के पश्चात पुनः महावीर चौक, पहुंचेगी महाप्रसादी वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन होगा। समिति द्वारा उक्त शोभायात्रा आयोजन में सभी हिन्दू धर्मावलम्बियों व सत्य सनातन धर्मियों को अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आज 17 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल अपरान्ह 2 बजे मचानपार, दीवानझिटिया, दीवानभेंडी, बिजेभांठा, मुंगेरी नवागांव, धनेरी, जमसरार, बरगांव, मोहड़, मथलडबरी, रेंगाकठेरा, चिद्दो, जंतर, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेंदुनाला, तिलई ग्रामों में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जनसंपर्क करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पाडे आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में पहुचकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहें हैं। श्री पांडे कल दिनांक 17 अप्रैल बुधवार को अपना जनसम्पर्क अभियान को लेकर डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्रामों में प्रवास पर रहेंगे तथा अनेक स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसम्पर्क अभियान की शुरुवात डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमतरा से सुबह 10:00 बजे होगी। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल सुबह 10 बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत करमतरा में ग्रामीणजनों से मुलाकात करने के पश्चात ग्राम किरगी, बढ़गांव चारभाठा, खुज्जी, मनेरी, दीवानभेड़ी, मारगांव, मचानपार, बोदेला, आरगांव, बाकल, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी पहुचेंगे। फिर वे रात्रि 08:00 बजे राजनांदगांव पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे एवं रात्रि विश्राम राजनांदगाँव में करेंगे इस दौरान जिले के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित रहेंगे।

### दल्लीराजहरा में किया गया वृहद मतदाता जागरुकता अभियान

बालोद (दावा)। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 20 गांधी चैक दल्लीराजहरा में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने आकर्षक एवं रंग-बिरंगे रंगोली बनाकर तथा अपने हाथों में मेंहदी लगाकर मतदाता एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसडीएम डौण्डी रामकुमार सोनकर, स्वीप एम्बेसडर बिरेंद्र सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा रमाकांत साहू सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रसिद्ध शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल व श्रीमती एकता खंडेलवाल ने पदभार संभाला




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में वर्षो से अपने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट (सी.आई.एस.सी.ई. बोर्ड) जो शिक्षा के साथ साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्षो से प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इस गरिमा को आगे बढ़ने के लिए अंचल के जाने माने वरिष्ठ शिक्षाविद अभिषेक खंडेलवाल ने रॉयल किड्स कान्वेंट (सी.आई.एस.सी.ई. बोर्ड) में एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य के पद का कार्यभार संभाला। साथ ही श्रीमती एकता खंडेलवाल डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई बोर्ड) में प्राचार्य के पद पर नियुक्त हुई।

पदभार ग्रहण करते ही अभिषेक खंडेलवाल एवं श्रीमती एकता खंडेलवाल ने संस्था के आशीर्वादक स्वर्गीय श्री लाल शंकर बहादुर सिंह (पापा जी) को याद किया और उनकी अनुशासन प्रियता एवं अपनेपन के बारे में बताया और कहा कि हम सब उनके बताये रास्तों पर हमेशा चलेंगे। संस्थापक डॉ. जेबी सिंह को याद करते हुए उनके साथ बिताये हुए लम्हों को साझा करते हुए उनके शिक्षा के प्रति योगदान को अनुकरणीय एवं अतुलनीय बताया। तत्पश्चात दोनों की प्रतिमा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और विश्वास जताया कि यह संस्था और नित नई उँचाइयो को स्पर्श करेगी।

ज्ञातव्य है कि श्री खंडेलवाल पूर्व में भी एकेडमिक डायरेक्टर एवं छत्तीसगढ़ आईसीएसई स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष रह चुके हैं। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी एवं प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने अभिषेक खंडेलवाल एवं श्रीमती एकता खंडेलवाल का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव एवं संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अभिषेक खंडेलवाल और श्रीमती एकता खंडेलवाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## मुढ़ीपार रेलवे स्टेशन के समीप अज्ञात लाश बरामद किया गया



टेड़ेसरा (दावा)। सोमनी थाना अंतर्गत मुढ़ीपार रेलवे स्टेशन के समीप राजनांदगांव से दुर्ग की ओर जा रही ट्रेन से मार्ग क्रमांक 20/2024 पर अज्ञात लाश बरामद किया गया है। सोमनी थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अज्ञात लाश के बारे में अनुमान लगाया जा रहा है। युवक डोंगरगढ़ देवी दर्शन करने गया रहा होगा। जो दुर्ग की ओर जा रही ट्रेन पर बैठा था। इसी दौरान युवक ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई होगी। युवक का उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष बताया जा रहा है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक आधी रात में ही ट्रेन से गिरा होगा, जिसके शरीर पर बदबू आ रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि रात में ही उसकी मौत हुई होगी। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पायी है। युवक के पास से बैग बरामद किया गया। जिसमें किसी प्रकार पहचान पत्र नहीं मिल पाया है। सोमनी पुलिस ने यह भी बताया कि पहचान होने पर परिवार के सुपुर्द किया जाएगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी बघेल को जिताने ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत टीम के साथ कर रहे डोर-टू-डोर जनसंपर्क



राजनांदगांव। लोकसभा चुनाव के चलते राजनांदगांव शहर के दक्षिण ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 30 में कांग्रेस की 5 न्याय गारंटी योजना को लेकर डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने शहरवासियों से कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के चहूंमुखी विकास के लिए प्रचंड मतों से जिताने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान वार्ड के प्रभारी मेहुल मारू ने कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी योजना से वार्डवासियों को अवगत कराते हुए कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। वहीं जोन प्रभारी राजेश चौहान एवं बूथ अध्यक्ष शकील रिजवी ने कांग्रेस की महालक्ष्मी गारंटी योजना के संबंध में गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 8333 प्रतिमाह देने के वादे के साथ संपर्क कर समर्थन मांगा जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ी हुई महंगाई और पूर्व में कांग्रेस के शासन के समय आवश्यक वस्तुओं के दामों के अंतर को बताने वाले पैंपलेट का वितरण कर बढ़ती हुई महंगाई खत्म करने कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी भूपेश बघेल को जिताने की अपील की। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के सेक्टर प्रभारी विष्णु सिन्हा, आफताब अहमद, शकील रिजवी, राजेश चौहान, हाफिज वारसी, सोनू भाटिया, शमशेर, जावेद अंसारी, राजा भाई, तनवीर, जितेंद्र शर्मा, सलीम भाई, महेंद्र कुमार, हफीज वारसी, गजेन्द्र शर्मा सहित वार्ड वासी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भाजपा के अपराधिक कृत्यों पर अपराध दर्ज कराए आयोग : कांग्रेस

**निर्वाचन को दूषित करने अपराध की पराकाष्ठा पार चुकी है भाजपा**

राजनांदगांव (दावा)। संसदीय क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए भाजपाई लगातार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी भूपेश बघेल के चरित्र हनन का लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं, जो भाजपाइयों के आपराधिक मानसिकता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोकतंत्र के शांतिपूर्ण निर्वाचन में बाधा पहुंचाने का उनका कार्य है। भाजपा आईटी सेल के प्रदेश के बाद जिला स्तर पर इस प्रकार का कृत्य आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ व्यक्तिगत आक्षेप लगाने वाला भी अपराधिक कृत्य किया गया है, जिसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश युकां महासचिव मानव देशमुख, शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, सचिव अतुल शर्मा ने रिटर्निंग आफिसर राजनांदगांव से की है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि पूर्व में भी प्रदेश भाजपा आईटी सेल की आयोग के समक्ष प्रमाणित शिकायत की गई थी जिसके बाद भी भाजपाइयों के हौसले बुलंद है और निर्वाचन आयोग को आम जनता के बीच में बौना साबित कर रहे है। भाजपा के जिला आईटी सेल के पदाधिकारी गिन्नी चावला के द्वारा फिल्म के क्लिपिंग में किरदारों के चेहरे पर एडिटिंग कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी मार्क डीफ (मार्फ्ड वीडियो) बनाकर बेबुनियाद आरोप लगाते महत्वपूर्ण एवं चर्चित व्हाट्सएप ग्रुप में 15 अप्रैल को 11.33 मिनट में एक ऐसा वीडियो पोस्ट किया गया है जो घोर आपत्तिजनक होने के साथ-साथ गंभीर अपराधिक कृत्य है जिसे एक कुत्सित मानसिकता का साजिश है। उक्त वीडियो को अन्य लोग भी पोस्ट कर सकते हैं, जिससे अप्रिय वातावरण बनने की पूर्ण संभावना है, क्योंकि पोस्ट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा धूमिल होने के साथ-साथ राजनीतिक का वातावरण भी दूषित हो रहा है। अतः फर्जीवाड़ा कर वीडियो पोस्ट करने वाले पर आईपीसी की धारा 153, 153बी, आईटी एक्ट की धारा 66, 67, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125, 127 (क) के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की गई है।

## सफाई में लापरवाही, संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से राशि की हुई कटौती

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता वार्डो में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे है, और लोगों से फिटबैक लेकर सफाई में गुणात्मक सुधार लाने समझाईस दे रहे है। समझाईस उपरांत भी कुछ ठेका वार्डो में सफाई व्यवस्था मे सुधार नही पाया गया। जिसपर उन्होंने संबंधितों को नोटिस जारी कर राशि कटौती के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को दिये थे। निर्देश के अनुक्रम मे संबंधितों को नोटिस जारी कर देयक से राशि कौटोती की कार्यवाही की जा रही है। कुछ दिनों पूर्व वार्ड नं. 1, 22 व 40 के सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर राशि कटौती की गयी और आज वार्ड नं. 15 में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार का चलित देयकर से राशि रूपये 5 हजार कटौती की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार को अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर चलित देयक से राशि 5 हजार रूपये कटौती की गयी। पूर्व में आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार अध्यक्ष तुलसीपुर परिणिती महिला स्व सहायता समूह राजनांदगांव को नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत भी सफाई में सुधार नहीं होने पर आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा देयक से 5 हजार रूपये राशि कटौती की गयी। कटौती नोटिस में लिखा गया कि आपके वार्ड में निरीक्षण के दौरान वार्ड में निर्धारित कर्मचारियों की संख्या के अनुसार 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, उपस्थिति पंजी फोटो युक्त नहीं पाया गया, निर्देशानुसार अनुपस्थित कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लाल पेन से दर्शित नही किया गया तथा कई स्थानों पर साफ सफाई का अभाव एवं नालिया जाम पाई गयी। इस संबंध में पूर्व में भी सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत कर्मचारियों का इस प्रकार अनुपस्थित रहना व सफाई कार्य न करवाया जाना, कार्य में लापरवाही का घोतक है। उपरोक्त लापरवाही के लिये चलित देयक से 5 हजार रूपये राशि कटौती की जा रही है। पुनः इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर ठेका समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा है कि सफाई जैसे आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई में गुणात्मक सुधार लाना है। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है, नागरिकों में भी साफ सफाई के प्रति जागरूकता लाना है।

## *कांग्रेस झूठे वायदे करती हैं, भाजपा हैं जो कहती हैं वह करती हैं - लक्ष्मी राजवाड़े*



*राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए महिलाओं का जोरदार अभियान पूरे संसदीय क्षेत्र में चल रहा हैं, इसी क्रम में कल राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर महतारी वंदन सम्मान समारोह के बड़े सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों को संबोधित करते हुए प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़ ने कांग्रेस पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठे वायदों के लिए प्रसिद्ध है किसी समय गरीबी हटाओ का नारा देने वाली इस पार्टी ने केंद्र की सत्ता में लंबा कार्यकाल गुजरा, पर पूरे देश से ना तो गरीबी हटी और ना ही गरीबों की माली हालत में कोई सुधार आया। वो तो भला हो मोदी जी का जिनहोने कांग्रेस के तमाम तानों-बनो को ध्वस्त करते हुए केंद्र की सत्ता संभाली और जनता से किए गए एक-एक वायदों को पूरा किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार टेड़ेसरा, सुरगी व शंकरपुर में आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह में महिलाओं की जोरदार उपस्थिति रही। श्रीमती राजवाड़े ने उपस्थित मातृ शक्ति को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा की भाजपा वायदा निभाने वाली पार्टी हैं। विधानसभा के चुनाव हो या लोकसभा के, हम जो भी घोषणाए करते हैं उन्हे अक्षरसः पूरा करके दिखा देते हैं इतिहास इस बात का साक्षी हैं। महतारी वंदन योजना जिसके तहत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह प्रदेश शासन द्वारा दिया जा रहा हैं उन्होंने इस योजना को महिलाओं के लिए भाजपा शासन का ऐतिहासिक फैसला बताया।*

*उन्होंने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार अब 04 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने का कार्य करेगी। उज्वला योजना निरंतर जारी रहेगी। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा जिससे लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी। श्रीमती राजवाड़े ने आगे कहा की पिछले चुनाओं में कांग्रेस ने किए गए कोई भी वायदों को पूरा नहीं किया, चाहे वह महिला स्वसहायता समूहों के कर्ज माफी का विषय हो, चाहे महिलाओं को पाँच सौ रुपए प्रति माह देने की बात हो। इन्ही वादाखिलाफी के कारण कांग्रेस प्रदेश की सत्ता वंचित हो गयी और अब एक बार फिर इस लोकसभा चुनाव में फर्जी फार्म भरवाकर महिलाओं को दिगभ्रमित करने की कोशिश कर रही हैं। अब देश का महिला वर्ग जागरूक हो गया हैं तथा कांग्रेस के खोखले वायदों में फसने वाला नहीं हैं। उन्होंने महिला वर्ग का आह्वान करते हुए कहा कि स्वाभिमान व आत्मसम्मान से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। मोदी जी ने महिलाओं के स्वाभिमान व आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किए हैं इसलिए महिलाओं का यह नैतिक कर्तव्य हैं की एक बार फिर मोदी सरकार बनाने में मदद करे। सम्मेलन को पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में महिलाये पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं और आगे भी रहेगी।*

*इस दौरान प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की लोकसभा प्रभारी आभा तिवारी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू, महिला मोर्चा की विधानसभा प्रभारी डा. रेखा मेश्राम, जिला महामंत्री पारूल जैन व देवकुमारी साहू, प्रतीक्षा भण्डारी, पुष्पा गायकवाड़, कनक दुबे, संध्या पांडे, मधू साहू, दीपा साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, संगीता मिश्रा सहित अनेक महिला कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण महिलाये उपस्थित थी।*

## अनमोल दावा

> जिनकी बुद्धि अनेक शाखाओं में विभाजित रहती है वो अपने लक्ष्य को कभी प्राप्त नहीं कर पाते।

## एक आतंकवादी की हत्या के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करने की जस्टिन ट्रूडो की नाहक जिद

कनाडा के प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों को ताक पर रखकर ऐसा करना चाहते हैं, तो यह उनका चुनाव हो सकता है। लेकिन उनके इस रुख का औचित्य इससे भी तय होगा कि क्या उनके बयानों से किसी अन्य देश की संप्रभुता पर आंच आती है! निज्जर की हत्या को अब दस महीने हो गए हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की विडंबना है कि जिस मुद्दे पर वे गंभीरता दर्शाना चाहते हैं, उसी में घिर जाते हैं। कनाडा के अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अच्छी बात है, लेकिन अगर इस बहाने वे एक आतंकवादी की हत्या के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते हैं, तो यह उनकी नाहक जिद ही कही जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार को एक समिति के सामने गवाही में उन्होंने एक बार फिर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से भारत की ओर अंगुली उठाई। ट्रूडो ने इस मसले को हवा देते हुए कहा कि उनकी सरकार कनाडा के सभी लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए खड़ी है। अपने नागरिकों के हित और हक की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का दायित्व है। मगर क्या इस बहाने उसे किसी अन्य देश के खिलाफ काम करने वाले तत्त्वों का समर्थन करने का अधिकार भी मिल जाता है?

कनाडा के प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों को ताक पर रख कर ऐसा करना चाहते हैं, तो यह उनका चुनाव हो सकता है। लेकिन उनके इस रुख का औचित्य इससे भी तय होगा कि क्या उनके बयानों से किसी अन्य देश की संप्रभुता पर आंच आती है! निज्जर की हत्या को अब दस महीने हो गए हैं।

ट्रूडो ने इस घटना के लिए भारत पर अंगुली उठाई थी, जबकि भारत ने इससे साफ इनकार किया। विडंबना है कि अपने आरोप दोहराते हुए ट्रूडो अब तक मांगे जाने के बावजूद निज्जर की हत्या से संबंधित कोई भी ठोस सबूत देने में नाकाम रहे हैं। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि कनाडा के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अगर वे निज्जर हत्या में भारत का हाथ होने की बात कहते हैं तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय पटल पर क्या पड़ता है! आखिर निराधार आरोप की बुनियाद पर भारत को कठघरे में खड़ा करके उन्हें अपने देश में क्या हासिल हो जाएगा? उनकी इस नाहक जिद की वजह से भारत की छवि पर जो असर पड़ता है, उसकी भरपाई क्या वे कर पाएंगे?

# राम का नाम - सभी दुखों का नाशक



**सुरेश सिंह बैस**



राम का नाम सहज है, सरल है और इसे हमेशा हर दशा में जपने से आपके सभी अभीष्ट काम पुरे होते रहते हैं

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के उपासना अनमोल निधि है यह योग वेदांत और सभी शास्त्रों का सार है। पुराणों, उपनिषदों और स्मृतियों में इसकी महिमा का बखान किया गया है। राम की उपासना करने वाले भक्तों के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। वह चारों पुरुषार्थ को आसानी से सुलभ कर सकता है। राम की उपासना सहज है इस नाम की महिमा के बारे में ऋषि जनों ने इतना कहा और लिखा है, कि इसे समझने में विद्वानों को कई जन्म लग सकते हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक और आसाम से गुजरात तक हर हिंदू किसी ना किसी रूप में राम का पूजन करता है। सूर्यवंशी राम महा विष्णु के अवतार थे। त्रेता युग में तामसी शक्तियों के विनाश हेतु उन्होंने अवतार लिया था। वे समाज में सतोगुण के प्रसार के लिए महाराजा दशरथ के जेष्ठ पुत्र के रूप में दुनिया में जन्म लिए, और अपने प्रगट होने का प्रयोजन पूरा करने के बाद उन्होंने सरयू के पवित्र जल में समाहित हो कर अपनी लीला समेट ली थी।

श्री राम जी की उपासना जिन मंत्रों से की जा सकती है उनमें कम से कम पचास अति प्रसिद्ध हैं। विष्णु और नारायण की उपासना का सबसे सहज रूप यह है कि आप राम भक्ति में लीन हो जाएं। इन तीनों देव शक्तियों की उपासना में कोई अंतर नहीं है। राम का नाम सहज है, सरल है और इसे हमेशा हर दशा में जपने से आपके सभी अभीष्ट काम पुरे होते रहते हैं। राम नाम अग्नि (र), अनंत (अ), और इंदु (म) का सहयोग है। इन अक्षरों में ''रा'' बीज बनता है। इसके बाद रामाय नमः पद जोड़ने से छह अक्षरों वाला मंत्र ---''रा रामय नमः'' बनता है। विद्वानों ने कहा है कि यह मंत्र साधना की सभी कामनाएं पूरी करता है। यह एक ऐसे रत्न के समान है जिससे साधक की सारी इच्छाएं पूरी होती है। यह भक्तों के लिए कामधेनु और कल्पतरु के समान है। इस मंत्र की साधना बहुत आसान है। सवेरे उठकर भगवान विष्णु का ध्यान करें। ''ओम नमो नारायणाय नमः'' मंत्र का जाप करें स्मरण करें। यह आठ अक्षरों वाला विष्णु मंत्र साधक का तन मन पवित्र करता है।

भगवान श्रीराम का एक अमोघ मंत्र है--''हूं जानकी वल्लभाय स्वाहा''! इस मंत्र में भगवान के साथ जगदंबा सीता की शक्ति का स्मरण किया गया है। शक्ति के बिना साधना पूरी नहीं होती। इसलिए इस मंत्र को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। इस मंत्र के जनक ऋषि वशिष्ठ हैं। इसका छंद विराट है। इसके देवता भगवान राम हैं। इसका बीज ''हूं'' और इसकी शक्ति ''स्वाहा'' है। पूजन के उपरांत भगवान श्रीराम का ध्यान इस प्रकार करना चाहिए--''मनोहर अयोध्या नगरी में रत्नों से जुड़ा हुआ एक सुंदर मंडप है। इस मंडप में मदार के फूल खिले हुए हैं! इसके चारों ओर सुंदर तोरण हैं। इसमें एक सिहासन रखा हुआ है। सिहासन पर फूल बिछे हुए हैं। उस पर भगवान श्री राम विराजमान हैं। उनके चारों ओर दिव्यमानों पर विराजमान राक्षस, वानर, देवता और मुनि उनकी वंदना कर रहे हैं। उनके बाएं ओर जगत माता सीता विराजमान हैं। प्रभु लक्ष्मण उनकी सेवा कर रहे हैं। भगवान राम श्याम वर्ण हैं। उनका दिव्य शरीर आभूषणों से शोभायमान है। वे प्रसन्न मुख मंडल से भक्तों को निहार रहे हैं। इस तरह ध्यान करने के साथ ही इस स्तुति का पाठ भी करना चाहिए।

''अयोध्या नगर रम्ये रत्न सौंदर्य मंडपे मंदार पुष्प बध्द वितान तोरणानिवते सिहासन समारूढ़ पुष्प कोटी रघुवंम्!!

**रक्षोभिहरि मिदैवें दिव्यम यान गतैः शुभः!!**
**संहयूय मानं मुनिभिः सर्वज्ञैः परि शोभितमं।**
**सीतालंकृत वामांग लक्ष्मणेनोप से वितम।**
**श्यामं प्रसन्ना वदनम सर्वाभरण भूषितमं ।।''**

भगवान राम अखंड ब्रह्मा के रूप हैं। उनकी उपासना योगी जन इसी रूप में करते हैं। उनका सगुण रूप भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करता है। जो साधक उनकी पूजा में ज्यादा समय नहीं दे सकते उन्हें भक्ति भाव से राम की महिमा का बखान करने वाले स्त्रोतों का पाठ करना चाहिए। स्त्रोत और कवच की यह खासियत है कि इनका पाठ करने में ज्यादा समय नहीं लगता, ज्यादा साधन भी खर्च नहीं करने होते और आराध की उपासना भी हो जाती है। इनका पाठ करने में सिर्फ भक्तों के मन की एकाग्रता चाहिए। जो फल मंत्र, जप, यज्ञ और बड़े पैमाने पर पूजन का हो सकता है। वैसा ही लाभ स्त्रोतों और कोचों के पाठ से भी हो जाता है। भगवान राम की उपासना का एक अचूक तरीका है राम रक्षा स्त्रोत का पाठ। वज्र पंजर कवच के नाम से भी यह स्त्रोत प्रसिद्ध है। दरअसल दोनों में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों के ऋषि बुध कौशिक हैं । दोनों का छंद गायत्री है । यह कहा भी गया है कि

रामरक्षां पठेत प्राज्ञः पापहनीं सर्व काम दामा यशवत पापों का नाश करने वाला और सभी मनोकामना को पूरा करने वाला माना जाता है। राम रक्षा स्त्रोत का पाठ ध्यान के बाद एकाग्र अभाव से करना चाहिए। पाठ के समय साधक को कोई दूसरा विचार मन में नहीं लाना चाहिए पूर्णविराम उसे तन मन से प्रभु राम के प्रति समर्पित हो जाना चाहिए।

## विचार सरिता

### मन में बसे हैं राम 122: जनकपुरी में श्री राम की बरात के स्वागत की भव्य तैयारी, विवाह समारोह बन रहा है जन उत्सव

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



संपूर्ण राज्य ही महाराज जनक का परिवार है। अतः उनके पुत्र की बरात में राज्य की राजधानी जनकपुरी के प्रत्येक घर से कोई न कोई सदस्य शामिल है। जब इस यात्रा ने प्रस्थान किया तो ऐसा लगा, जैसे अयोध्या से एक जन नदी निकली है और यह हिमालय की ओर बढ़ रही है।प्रायः भारत की सभी बड़ी नदियां हिमालय से निकली हैं और अब यह परावर्तन हिमालय की ओर हो रहा है। उधर जनकपुरी में भी एक बड़ी बरात के स्वागत और भव्य विवाह समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। अयोध्या से आने वाले अतिथियों के लिए बड़े-बड़े अतिथि गृह और अतिथि कक्ष तैयार हो रहे हैं। बरात के स्वागत के लिए संपूर्ण नगरी को सुंदर तोरण और बंदनवार से सजाया गया है। यह है तो मिथिला की राजकुमारी के विवाह का अवसर लेकिन यह केवल राज परिवार का विवाह नहीं है,बल्कि मिथिला का प्रत्येक व्यक्ति अपनी सुपुत्री के विवाह का अवसर जानकर यथासंभव भव्य तैयारी में लगा हुआ है। प्रत्येक घर में सुंदर रंगोली बनी है। हर घर की साफ सफाई और रंग रोगन को देख कर लग रहा है कि मिथिला में दीपावली की तैयारी हो रही है। विवाह के लिए निश्चित स्थान पर भव्य मंडप तैयार हो रहा है, जिसमें विवाह संस्कार की पूजा में उपयोग आने वाली सभी सामग्रियां व्यवस्थित करके रखी गई हैं। अग्नि, नैऋत्य, वायव्य और ईशान कोण में हरित बांस के खंभों को गडकर उनके बीच में सुंदर मंडप बनाया गया है। अक्षत, यव, कुंकुम, जल, दूर्वा, घी, समिधा की सामग्रियां आदि यथास्थान पर रखी हैं। फल और मिष्ठान्न के साथ - साथ प्रसाद और भोजन के लिए विभिन्न सामग्रियां निकट ही बनाई गई एक अस्थाई पाकशाला में रखी गई हैं। सैकड़ों सेवक शीघ्रता से अपना कार्य कर रहे हैं। स्वैच्छिक रूप से राज्य के प्रत्येक घर से कम से कम एक व्यक्ति सारी तैयारी में सहायता के लिए स्वयं प्रस्तुत हुआ है और वह आवश्यकता के अनुसार मुख्य मंडप से लेकर राज्य की सीमा में बरात की प्रारंभिक अगवानी वाले स्थान तक, जहां जैसी आवश्यकता हो, वैसा कार्य करने के लिए प्रवृत्त है। मुख्य मंडप के चारों ओर एक साथ हजारों व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था है और कुछ ऊंचाई लिए हुए यह मंडप इस तरह से बनाया गया है कि बहुत दूर खड़े व्यक्ति भी विवाह का संपूर्ण कार्यक्रम देख सकें। महाराज जनक ने सांकाश्या नगरी से अपने भाई कुशध्वज को पहले ही जनकपुरी बुला लिया है।

आज सुबह राजा जनक ने अपने भाई कुशध्वज से राजकुमारी सीता के साथ-साथ राजकुमारी उर्मिला के विवाह के लिए विचार विमर्श किया।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -029

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल



## आज रामनवमी पर विशेष

### मित्र धर्म के महानायक श्रीराम

**विजय मिश्रा**



प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण की बात मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से ऐसे छनकर बाहर आती है जैसे चांदनी बादलों को चीरती हुई धरा पर आती है।

रामायण सहित श्रीराम चरित्र मानस को विविध भाषाओं में लिखते हुए राम भक्त विद्वजनों ने बार बार इस बात को उल्लेखित किया है कि प्रभु श्री राम का जन्म तो राजमहल में हुआ था पर वे राजमहल में रहे ही नहीं।

प्रभु श्री राम का अधिकांश जीवन आम जनों और वनवासियों के बीच ही व्यतीत हुआ। उन्होंने आमजनों में शामिल केवट राज को गले लगाया, भीलनी शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया, माता अहिल्या का उद्धार किया, विभीषण को श्रीलंका का राज्य दिलवाया, सुग्रीव को किष्किंधा का राजपाट दिलवाया, हर अन्यायी का अंत करके न्याय पथ का अनुगामी बनने प्रेरित किया।

वनवासी कोल भील, भालू, बंदर, गरुड़ की अद्भुत शक्ति को न केवल उजागर किया अपितु उनकी शक्ति को अपनी शक्ति भी बना लिया। ऐसे सभी पात्रों को जो की जंगल, पहाड़, नदियों पर ही आश्रित जीवन जीते थे, उन्हें अपना मित्र बनकर युवराज राम ने मित्रता धर्म के महानायक होने का भी दर्जा प्राप्त किया।

लंकापति महाबलशाली दशानन जिससे देवता भी घबराते थे। युद्ध में परास्त हो जाते थे। उस महाबली को प्रभु श्री राम ने आम जनों और वनवासियों की ताकत के बलबूते ही पराजित करके संदेश दिया कि



अत्याचारी कितना भी पराक्रमी हो उसका अंत सुनिश्चित होता है। उसकी कमजोर कड़ियां, प्रवृतियां ही उसके विनाश का कारण बनती हैं।

प्रभु श्री राम के जीवन में यह बात भी उजागर होती है कि उन्होंने मदद मांगने और मदद करने के मामले में स्वयं को सदैव अग्रणी रखा। सदैव परछाई बनकर रहने वाले उनके अनुज लक्ष्मण बात-बात में क्रोधित हो जाते थे, किंतु प्रभु श्री राम ने उनके क्रोध को शांत करते हुए सदैव धीरज और धैर्य और दयालुता का पाठ पढ़ाया। लक्ष्मण के उबलते क्रोध को उबलते दूध में पानी छिड़क कर शांत करने की तरह उपक्रम किया।

क्रुर अत्याचारी राक्षसों के प्रति भी उदारता, दयालुता का परिचय देते हुए प्रभु श्री राम ने राक्षसी प्रवृत्ति से बाहर निकाल कर उन्हें सात्विक विचारधारा को अपनाने के लिए प्रेरित किया।यही वजह है रामायण और रामचरितमानस में ऐसे अनेक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है जब राक्षसों ने भी प्रभु श्री राम और उनकी वानर सेना का समर्थन किया यथा समय समुचित मार्ग प्रशस्त किया।

प्रभु श्री राम के प्रति समर्पित महाबलियों शक्तिशालियों के बीच नन्ही गिलहरी का भी उल्लेख मिलता है। रामसेतु का जब निर्माण हो रहा था तो नन्ही गिलहरी भी जी जान से उसमें योगदान कर रही थी। जिसे देखकर प्रभु श्री राम ने गिलहरी की पीठ पर उंगलियों को सहलाते हुए आभार व्यक्त किया था। ऐसी मान्यता है की आज भी गिलहरियों की पीठ पर जो रेखाएं दिखाई देती हैं वह प्रभु श्री राम की उंगलियां की सूचक है।

प्रभु श्री राम का चरित्र विश्वास दिलाता है कि जो भी अपने हृदय में श्रीराम को रखते हैं तो उनका जीवन सदैव सुखमय होगा। कष्ट आने पर भी उसके निवारण का मार्ग प्रशस्त होगा। जैसे प्रभु श्री राम महल में जन्म लेने के बावजूद आजीवन कष्टों में घिरे रहे, पर टूटे बिना सही पथ पर संघर्ष से जीत प्रभु श्री राम की हुई। तभी तो तुलसीदास जी ने लिखा है तुलसी बिरवा बाग के सिंचे से कुम्हलाए, राम भरोसे जो रहे पर्वत पर लहराय।

प्रभु श्री राम के जीवन में आए उतार चढ़ाव को सुने गुने और मन वचन कर्म से प्रभु श्री राम के चरणों में स्वयं को डाल दें। यही मोक्ष का सच्चा मार्ग होगा, क्योंकि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। जय श्री राम।

विजय मिश्रा ''अमित''
पूर्वअति महाप्रबंधक(जन )
एम सेक्टर 2 अग्रोहा सोसायटी,
पोआ- सुंदर नगर रायपुर (छग)
492013 मोबाइल
9893123310

## कविता

### ॥ हे राम ॥



राम ही सृष्टि के मूल हैं, आदि अनन्त अविराम।
निराधारों के आधार तुम, निर्धन के धन धाम ।।
राम ही आनन्द घन, तुम सत्य शिव अभिराम।
गुणातीत गुण आगर, स्मृति अचल सुखधाम ।।
जगत नियन्ता जगताधार, तिहूँ लोक गुणधाम ।
दोष रहित दूषण रहित, भक्ति सकल निष्काम।।
देवों के आदर्श हो तुम, कहलाते नित गुणग्राम ।
स्मृति न कभी विस्मृत हो, तुमसे ही पूरनकाम ।।
नयन ओट जलबिंदु से मिले पलकों को आराम ।
जिनके आगे तुम रहो सदा,होत काम सत्काम।।
नाम महिमा अपार है, ईश्वर खुद गा पाए न नाम।
ईश्वर अंतर्निहित सदा- सदा, रूप, लीला धाम।।
कभी न डूबे तैर गए वे, बस लिखा था तेरा नाम।
अमानी ही पाते तुझको, जब मन वाणी अकाम।।
मानवता के प्राणाधार, नित-नित तुम्हे प्रणाम।
विदेह ब्रम्ह ज्ञान भी हारा, जब देखे रूप ललाम ।।
अंक में शून्य धारे तुम, हुए
अचरित आठों याम। आर्यवर्त का
कण-कण रम्य, रमे रहो हे! राम ।।



रोशन साहू (मोखला)
7999840942

## राशिफल

**मेष** — आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन** — आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा।

**सिंह** — आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार- विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। आज आप सोच-विचार में रहेंगे।

**कन्या** — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है।

**तुला** — आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी खास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

**मीन** — आज आपको अचानक नए स्त्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

## सामयिक चर्चा

### शान्ति की कहावत

दुर्ग की खबर पढ़कर
बानी बोले - ''ये लो गजाधर!
लोकसभा चुनाव से पहले
एक के बाद एक पार्टी के नेता
कांग्रेस छोड़कर भाजपा में
शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में
आज दुर्ग में भी कांग्रेस को
बड़ा झटका लगा है।
पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी
भाजपा में शामिल हो गई।
इस पर आपके मन में
कौन-सा भाव जगा है ?
गजाधर मुस्कराए, बोले-
जनरली, यह देखा गया है बानी!
देवर-भौजाई में मतभेद होता है।
कभी भौजाई व्यंग्य कस देती है,
तो कभी देवर आपा खोता है।
इसलिए भैया! दूर रहना ही ठीक है।
यही बात मुझे अच्छी लगती है।
तभी तो हमारी छत्तीसगढ़ी में
क्या सुन्दर एक कहावत है-
'लड़े से, टरे बने'
जो शान्ति की, तस्दीक करती है।''



गिरीश बख्शी

# आस्था के साथ आने वाले पर्यटकों के लिए केंद्र सरकार की नीतियों के चलते मिली अनेक सुविधाएं

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर, केंद्र सरकार ने धर्मनगरी डोंगरगढ़ में आने वाले पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान कर, केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत डोंगरगढ़ का चयन किया। प्रसाद योजना के लागू होने से काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ धाम, महाकालेश्वर धाम की दर्ज पर डोंगरगढ़ तीर्थ क्षेत्र का भी आने वाले समय में निश्चित तौर पर समुचित विकास होगा। जिसकी शुरुआत प्रसाद योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों को देखकर लग रहा है।

**आने वाले समय में देश के मानचित्र में पर्यटन का केंद्र बनेगा डोंगरगढ़- मोनू भंडारी**



भाजपा के युवा नेता विवेक मोनू भंडारी द्वारा दिए गए वक्तव्य में कहा गया है कि, विगत कुछ वर्षों के दौरान देखा गया है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में स्थित विभिन्न धर्मों के आस्था के केंद्रों में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों में रिकार्ड वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है। पर्यटन को अनेकनिक सुविधा प्रदान कर डोंगरगढ़ आने का प्रोत्साहन मिलने से डोंगरगढ़ शहर सहित आसपास के लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। जिससे खानपान, होटल लाज होमकेयर पूजा सामग्री व अन्य तरह के उद्योगों को बढ़ाता मिला है। जिसे देख निश्चित तौर पर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहा है और आने वाले समय में आर्थिक विकास की असीम संभावनाएं देखी जा रही है।

### भविष्य में निवेशकों की पहली पसंद होगा डोंगरगढ़

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में प्रतिदिन आने वाले पर्यटकों की संख्या देखें तो ऐसा लगता है कि, आने वाले समय में मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के चलते डोंगरगढ़ निवेशों की पहली पसंद होगा। जिस तरह देश के प्रधानमंत्री ने डॉगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ में लंबा समय बिताया, माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर अपनी श्रद्धा दिखाई, इससे पूरी संभावनाएं है आने वाले समय में गिरगढ छत्तीसगढ़ सहित विश्व पटल पर अपनी गहरी छाप छोड़ सकेगा। डबल इंजन की सरकार का मिलेगा लाभ डोंगरगढ़ को श्री भंडारी ने डबल इंजन की सरकार होने पर कहां की डोंगरगढ़ में रोजगार के कोई अन्य अवसर न होने पर पर्यटन की असीम संभावनाएं है। क्षेत्र के चारों तरफ प्राकृतिक की मनोरम छटा बिखेरी हुई है, जो पर्यटकों को रोमांचित करती है। मोदी सरकार व राज्य की विष्णुदेव सरकार डोंगरगढ़ के समग्र विकास की मजबूत शुरुआत कर चुकी है। इसलिए हम सभी को मोदी सरकार के पक्ष में मजबूती से खड़े होने की आवश्यकता है।

# विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा नुक्कड़ सभा संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के समर्थन में अपील की



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज होता जा रहा है.लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के समर्थन में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने विभिन्न ग्रामों में चिलगुड़ा, नेवासपुर, बीरनपुर खुर्द, नदिया, बसाबर, दुल्लापुर, सेतवा, खौड़ा, सर्राकांपा, मुंडाटोला, बिरखा, कृतबंस में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा सहित कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओ के द्वारा भुपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील किए। ।खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा कार्यकर्ताओ के साथ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में डटी हुई है. विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को अपार जनसमर्थन मिल रहा है. वही पूर्व में भूपेश बघेल द्वारा किये गए जनहित के कामो को आज भी जनता भुलाये नहीं है. विधायक यशोदा निलांबर वर्मा खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव पहुंच कर 'न्याय' का संदेश, जन-जन तक पहुंचा रहे है. कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्नजन हितैषी घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच जा रहे है.

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस आरती महोबिया, संजू चंदेल, रिखी राम पटेल, विक्की टंडन, मोहन साहू, वासु सिंह, इंदरराम यादव, नारायण ध्रुव, कोमलराम पटेल, कंसराम मरकाम, नन्हेराम पटेल, पंचराम यादव, चैतुराम पटेल, अनुज पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## पारीखुर्द स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला पारीखुर्द के समस्त शिक्षक स्टाफ प्रधानपाठक प्रेमशंकर साव, श्रीमती अनुपमा सोनी, दीपक साहू के द्वारा प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। जिसमें पुलाव,छोले, रायता, सूजी, हलवा, सलाद, पापड़ के साथ शरबत का वितरण किया गया। न्यौता भोज में संकुल समन्वय भूपेंद्र साहू, एस के सेवता विभा सिंहमारे, पुष्पलता देवांगन सहित शिक्षक उपस्थित रहे तथा प्राथमिक शाला के रसोईया शामिल हुए।

## जिला स्काउट गाइड संघ के नेतृत्व में चला मतदाता जागरूकता अभियान




खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल स्वीप लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में खैरागढ़ में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा। इसी कड़ी में आज भारत स्काउट गाइड जिला संघ खैरागढ के स्काउट गाइड ने नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता रैली का आयोजन किया। जिसमें सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड की छात्राओं द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों में बैनर पोस्टर द्वारा जागरूकता अभियान चला रहे।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु जिला प्रशासन की ओर से संपूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड जिला संघ के सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा, विकासखंड सचिव सुनील गुनी, स्काउट गाइड उपस्थित थे।

## महतारी वंदन सम्मान समारोह का हुआ सफल आयोजन



**लाभार्थियों ने मोदी सरकार के समर्थन का संकल्प लिया**

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ शहर द्वारा महतारी वन्दन सम्मान समारोह का आयोजन लोधी भवन वार्ड क्रमांक 02 में संपन्न हुआ। जिसमे बुजुर्ग महिलाओं के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओ का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंगतीन बाई, सुखबती साहू, केशर बाई, बुध्यारिन यादव, सोनी बाई, सुखिया यादव, प्यारा बाई, कुसुम यादव लक्ष्मी यादव, गजरा बाई, पदमा साखरे, जानकी साहू, पुस्तकला टेंबुरकर, सुशीला साहू, राम बाई, रेणुका सिरसाम, इंदु यादव, शकुन बाई, रतनी बाई सहित अनेक लाभार्थी महिलाओं का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी से भी महिलाओ को अवगत करवाया गया। महतारी वंदन सम्मेलन के इस कार्यक्रम के आयोजन में ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, पूजा उज्जवने, रिया साहू, सुशीला साहू, शारदा निषाद, नीलम यादव, उमा नाने, रीता बोस, आदि कार्यकर्ताओ का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदीप बाघ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंह मर्गे, प्रकाश चौरडिया, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, रामकृष्ण कन्नौजिया, तुलसी मिश्रा, अमित छाबड़ा, संतोष राव, विजेंद्र ठाकुर, महेंद्र अग्रवाल, अनिल पांडेय, सुमित मिश्रा, रामकुमार डडसेना, सुमित ताम्रकार, सौमित्र सोनी, वीरेंद्र साहु, चंद्रेश वैस्णव अजय शर्मा भी उपस्थित हुए।

# नमो युवा चौपाल में जानकारी देने पहुँचे शैडो विधायक विक्रांत सिंह



छुईखदान (दावा)। छुईखदान मंडल अंतर्गत ग्राम बोरई में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में नमो युवाचौपाल का कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्राम खपरी दरबार के युवाओं व बुजुर्गों ने भाजपा के अब की बार 400 पार के नारे का समर्थन करते हुए,आगामी लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी व मोदी सरकार के द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा की।

इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। श्री सिंह ने चौपाल में युवा कार्यकर्ताओं को विशेषकर अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास, नलजल, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने और योजना का लाभ लेने के प्रति लोगो को जागरूक करने पर विशेष बल दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित चोपड़ा, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने की। इस दौरान जिला मंत्री शोएब राजा, जिला आईटी सेल प्रभारी कमलेश साहू ,मंडल महामंत्री किशन सिलोटीया, उपाध्यक्ष विश्वनाथ चंद्राकर, अर्जुन महोबिया, कौशल चंदेल, खेलन, राजेश, सीत, होरीलाल, आनंद, बसंत, त्रिलोचन, धनेश, धूरु, विदेशी, गुलाल, मिलन, दीनदयाल, दिलकुमार, मोंटू, मनोज, जयप्रकाश, ईश्वरी, थानु, प्रमोद, तुकाराम, अशोक, गोवर्धन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सुविधा केन्द्र एवं स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण

बालोद (दावा)। सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केन्द्र एवं लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 33 एवं 35 में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केन्द्रों का अवलोकन कर अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल से सुविधा केन्द्रों में अब तक के कुल मतदान तथा जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

# ढ़ारा हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9 वी व 11वी का परीक्षा परिणाम घोषित

**० वैष्णवी वैष्णव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढ़ारा के कक्षा 9 वी व 11 वी के स्थानीय परीणाम घोषित किये गये। कक्षा 9 वी का परीणाम 72.22 प्रतिशत, कक्षा ग्यारवी के कला व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत एव विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा । कक्षा 9 वी की छात्रा कुमारी वैष्णवी वैष्णव पिता अमित्त वैष्णव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। कक्षा ग्यारवी के कला संकाय की छात्रा देविका पिता गुलाब ने 76.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय की छात्रा मिनाक्षी वर्मा पिता रोहित वर्मा ने 89.2 प्रतिशत एवम विज्ञान संकाय के छात्र सुधीर जंघेल पिता मोतीराम जंघेल 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिणाम की घोषणा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा की प्रभारी प्राचार्य अपर्णा जांभुलकर के द्वारा की गयी। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। सभी गुरुजनों ने विद्यार्थीयो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोदी जी का संकल्प पत्र, विकसित भारत बनाने का है - भाजपा प्रवक्ता - देवलाल ठाकुर




बालोद (दावा)। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 के इस विषय में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर व बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा कार्यालय बालोद में प्रेस वार्ता ली।

भाजपा या प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले है, इसमें नमो एप के माध्यम से चार लाख और वीडी वीडियो से 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए है। इसमें 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुवारे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के लोग शामिल है। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत और समग्र भारत बनाने का जो संकल्प मोदी जी ने लिया है, उसे हम जनमानस के पास ले जाएंगे।

उन्होंने इसकी विशेषताओं के संबंध में कहा कि मोदी की गाँरटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है, भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे पेश किए जाने वाला यह संकल्प पत्र विकसीत भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। उनके द्वारा जनता को किए गए वादे पर जनता को पूरा विश्वास है,कि ये वादे पूरे होंगें। मोदी जी का यह संकल्प पत्र, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, सभी वर्गो की भलाई के लिए है। गरीबों को मुफ्त राशन, युवा को रोजगार, महिलाओ के लिए लखपती दीदी योजना जैसे उनके स्वास्थ की सुविधा को बेहतर बनाने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।

**मोदी की गारंटी पूरे होने वाली गारंटी है**

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशहित मे बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती है। हमारे दल से बड़ा देश है। हमारी सरकार ने धारा 370 हटाया और हम सीएए लेकर आए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी को सख्ती से पालन करेंगे, वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेंगे।

स्वतंत्र भारत विकसीत भारत बनाने का जो संकल्प मोदी जी लिए है, उसे वे पूरा करने में जुटे हुए है, उन्होने आम जनमानस से अपील की है कि मोदी की गारंटी को पूर्ण करने मे भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी दिलाने मे हमारे लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग को अपना बहुमूल्य वोट दे.

जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जो विकास हुआ है और लोगों को लाभ मिला है, उसको देखते हुए जनता में उत्साह देखा जा रहा है। पूरे प्रदेश की 11 सीटों को भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए जनता उत्साहित है और अब की बार चार सौ पार का नारा पूरा होने वाला है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से किसानों को 3100 रूपये में धान की खरीदी कर 900 रूपये अतिरीक्त बोनस की राशि दी है जिससे किसानों को फायदा हुआ है.

# क्षेत्र में शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता एवं मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर अनेक आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, लोकसभा निर्वाचन- 2024 में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, चाकु बाजों एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है। मंगलवार 16 अप्रैल को क्षेत्र में शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने के अंदेशा पर परिशांति कायम रखने हेतु अलग-अलग मामले में अनेक अनावेदकों के विरूद्ध धारा 151, 107, 116 (3) जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार किए गएआरोपीयो में, जितु खोब्रागढ़े पिता मीताराम उम्र 30 साल निवासी भाठापारा गुरूनानक वार्ड पंशी नगर थाना भाठापारा, अनिल कुमार भारती पिता अगरदास भारती उम्र- 22 साल निवासी ग्राम कुन्ड्रा थाना गिधौरी, उपेन्द्रराम पिता अशोक राम उम्र 28 साल निवासी ग्रीन चौक दुर्ग, मनोज शर्मा पिता जगदीशचंद शर्मा उम्र 42 साल निवासी मरोदा बस्ती दुर्ग शामिल है।

# भाजपा, संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करें - मनराखन देवांगन

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र बताया है। मनराखन ने कहा कि पिछले दो बार के चुनावों में अपने वादों को भूल जाने वाले किस नैतिकता से नया संकल्प पत्र जारी किये है। भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा के लिये घोषणा पत्र जिसे वे संकल्प पत्र कहते है, केवल जनता को ठगने का एक हथियार है। यह दल चुनाव में वोट लेने के बाद अपने संकल्प पत्र के वादों को खुद चुनावी जुमला बता देता हैं, जनता में भाजपा और मोदी दोनों की ही विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है। भाजपा संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करें।

2014 और 2019 के संकल्प पत्र के वादों के बारे में बात करने की भाजपाई हिम्मत नहीं करते। भाजपा बताये युवाओं के लिए सालाना 2 करोड़ नौकरियों देने का क्या हुआ, किसानों की आय दोगुनी करने का क्या हुआ, एमएसपी की कानूनी गारंटी का क्या हुआ, किसानों की लागत पर 50 प्रतिशत जोड़कर समर्थन मूल्य देने के वायदे का क्या हुआ, हर बैंक अकाउंट में 15-15 लाख देने का क्या हुआ, भाजपा बताये एससी, एसटी, के अधिकारों को सुरक्षित करने के वादे का क्या हुआ, एससी व एसटी पर 46 प्रतिशत व 48 प्रतिशत अपराध क्यों बढ़ा, महिला आरक्षण लागू करने व महिला अत्याचार रोकने का क्या हुआ, 100 स्मार्ट सिटी का क्या हुआ, भाजपा के सांसदों के द्वारा गोद लिये गांवो का क्या हुआ, 2020 तक गंगा साई का क्या हुआ, 2022 तक हर परिवार के सर पर छत का क्या हुआ, 2022 तक सबको चौबीस घंटे बिजली देने का क्या हुआ 2022 तक भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने का क्या हुआ, लाल आँख व मैं देश नहीं झुकने दूँगा का क्या हुआ, हमारी जमीन पर चीन ने 2000 किलोमीटर तक कब्जा कैसे कर लिया, 2022 तक 40 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग का क्या हुआ,केन्द्रीय विभागों में लाखों पद रिक्त होने के बावजूद भर्तीयां क्यों बंद हुई, सेना में नियमित भर्ती बंद करके ठेके पर 4 साल के लिये अग्निवीर योजना का क्या औचित्य है, पहली बुलेट ट्रेन का क्या हुआ, मोदी और भाजपा के इन वादों का हिसाब जनता मांग रही है, इस लोकसभा चुनाव में पूरा भारत जुमलेबाजों को हरायेगा।



**भाजपा का संकल्प पत्र नहीं जुमला पत्र है**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में वादाखिलाफी का रिकॉर्ड बना चुकी भाजपा में साहस नहीं कि वह कोई नया वादा जनता से कर पाये। इसीलिये भाजपा का घोषणा पत्र पूरी तरह सतही और चुनावी औपचारिकता दिख रहा है। भाजपा के घोषणा पत्र में भाजपा के हार की झलक साफ दिख रही है। इसीलिये भाजपाई नया वादा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे है। ट्रेनों को बंद करने वाले वर्ल्ड क्लास स्टेशन बुलेट ट्रेन बनाने के लिये झूठे वादे कर रहे है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से चुराकर गिगवर्कस के बारे में भी वादा कर रहे है। जबकि 10 सालों के मोदी राज में सबसे ज्यादा शोषण गिगवर्कर और असंगठित क्षेत्र का हुआ है। भाजपा के घोषणा पत्र में सक्षम और स्वावलंबी भारत बनाने की दिशा में कुछ भी नहीं है।।

### गैस पाइप लाइन के नाम पर किसानों पर अत्याचार फिर भी सांसद मौन

मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद धारी को संविधान से राजनीतिक पत्र का तुलना करना उनकी संविधान के प्रति नकारात्मक सोच का जीवंत उदाहरण है। भारतीय संविधान से देश चलने के साथ मौलिक अधिकार आम जनता को प्रदान किए हैं, जो अकक्षुण है वही संकल्प पत्र वर्ष 2004, 2009, 2014, 2019 अब 2024 के संकल्प पत्रों से भाजपा का बदलता चेहरा साफ नजर आता है।

वर्तमान में गैस पाइप लाइन के से गैस प्रदान करने की बात की जा रही है, सांसद संतोष पांडे के संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने वाले गेल लिमिटेड ने किसानों के खड़ी फसल व सिंचाई के लिए बिछाए गए ड्रिप इरिगेशन को जिस प्रकार से तहस-नहस कर उन्हें आर्थिक मार दी है यहां तक की किसानों को मुआवजा भी प्रदान न कर सीधे उनको जहां फसल से वंचित किया।

वहीं दोहरा आर्थिक मार दी, ऐसी स्थिति में भाजपा और संसद में थोड़ी भी नैतिकता है, तो गेल लिमिटेड पर अपराध दर्ज कराकर किसानों को उनकी भूमि और उनकी संपत्ति के नुकसान का मुआवजा प्रदान करावे। शौचालय की राशि का हेराफेरी भी लोकसभा क्षेत्र में जगजाहिर है। पी एम उज्जवला गैस योजना के नाम महिलाओं को मुक्त गैस देने का सब्जबाग दिखाकर रिफिलिंग के बोझ तले दबाने का काम भी बीजेपी ने किया है, उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग का प्रतिशत आंकड़ों के अनुसार उजागर हुआ है। जो गरीब परिवारों के साथ जुमलेबाजी और अन्याय का साफ उदाहरण है।

# पहला कॉलम...

## मुस्तफ़िज़ुर 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे।

## सरकार ने कच्चे तेल पर बढ़ाया अप्रत्याशित कर

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार से कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर 6,800 रुपये से बढ़ाकर 9,600 रुपये प्रति मीट्रिक टन कर दिया। इससे तेल अन्वेषण और उत्पादन कंपनियों ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड को घाटा हो सकता है। लेकिन सरकार को गरीबों के लिए अपनी सामाजिक कल्याण योजनाओं को संचालित करने व अपने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने के लिए अधिक संसाधन मिलेगा। सरकार ने पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर लगाया था और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी थी, क्योंकि निजी रिफाइनरों ने घरेलू बाजार में बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना शुरू कर दिया था।

## बीएसई सेंसेक्स में आई जबरदस्त गिरावट

मुंबई। भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण बीएसई सेंसेक्स में आज जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। आज चल रहे कारोबार में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई और विप्रो 1 फीसदी से ज्यादा नीचे हैं। 12 अप्रैल को पिछले कारोबारी सत्र में दर्ज किए गए 399.67 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन की तुलना में निवेशकों की संपत्ति 8.21 लाख करोड़ रुपये घटकर 391.46 लाख करोड़ रुपये हो गई। बीएसई पर सभी 19 सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, ऑटो, आईटी, ऑयल एंड गैस शेयरों में अच्छी-खासी गिरावट हुई है। बीएसई में कैपिटल गुड्स 610 अंक, बैंकिंग 695 अंक, ऑटो 584 अंक, आईटी 236 अंक, ऑयल एंड गैस 191 अंक तक गिरे। सुबह शुरुआती सत्र में शेयर बाजार में गिरावट के कारण करीब 208 शेयरों में लोअर सर्किट लगा, जबकि बीएसई पर 100 स्टॉक्स में अपर सर्किट लगा।

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज स्पिनर का निधन

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के बीच क्रिकेट फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल, इंग्लैंड के दिग्गज स्पिनर डेरेक अंडरवुड का निधन हो गया है. अपने समय के बेहतरीन स्पिनर्स में शुमार डेरेक अंडरवुड ने 78 साल की उम्र में अंतिम सांस ली. सोमवार को अंडरवुड का निधन हुआ. भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को अपनी गेंदबाजी से परेशान करने वाले अंडरवुड को 60 और 70 के दशक की पिचों पर खेलना खतरनाक था. उनके सामने बड़े बड़े बल्लेबाज संघर्ष करते थे और रन बनाने के लिए जूझते थे. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इस दिग्गज स्पिनर के नाम करीब 2500 विकेट हैं.इंग्लैंड के इस दिग्गज स्पिनर ने अपने समय में बड़े बड़े बल्लेबाजों को परेशान किया था. 86 टेस्ट मैचों में इस दिग्गज स्पिनर के नाम 297 विकेट हैं. आज भी डेरेक अंडरवुड इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं. 86 टेस्ट में अंडरवुड के नाम 297 विकेट हैं.

## आरसीबी को लगा बड़ा झटका, पूरे सीजन से बाहर हुए ग्लेन मैक्सवेल

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में लगातार हार से परेशान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की अब टेंशन और ज्यादा बढ़ गई है। टीम के स्टार ऑलराउंडर ने आईपीएल 2024 से ब्रेक ले लिया है। हालांकि इस खिलाड़ी का इस सीजन अभी तक प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। जी हां हम बात कर रहे हैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल की।खराब फॉर्म से जूझ रहे ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन-17 से ब्रेक ले लिया है। शनिवार 15 मार्च को आईपीएल 2024 में 30वां मुकाबला आरसीबी और हैदराबाद के बीच खेला गया। इस मैच में मैक्सवेले नहीं खेले थे। यहां तक की मैक्सवेल बाहर बैठे हुए भी नहीं दिखाई दिए।

# राजस्थान ने कोलकाता को दो विकेट से हराया, बटलर ने ठोका शतक



कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हरा दिया। जोस बटलर की सेंचुरी की मदद से टीम ने 20 ओवर में 224 रन चेज कर दिए, यह आईपीएल इतिहास के सबसे सक्सेसफुल रन चेज की बराबरी है। इससे पहले आईपीएल ने ही 2020 में पंजाब के खिलाफ 224 का टारगेट चेज किया था। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 223 रन बनाए। सुनील नरेन ने 56 बॉल पर 109 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवर खेलकर 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बना दिए। जोस बटलर ने ने 60 बॉल पर नॉटआउट 107 रन बना दिए।

### हर्षित राणा के ओवर में आए 19 रन

19वें ओवर में हर्षित राणा ने 19 रन दे डाले. अब राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 6 गेंद में सिर्फ 9 रन बनाने हैं. जोस बटलर 54 गेंद में 98 रन पर पहुंच गए हैं. 19 ओवर में स्कोर 8 विकेट पर 215 रन है.

### बटलर ने 19वें ओवर में पलटा पासा

जोस बटलर ने पारी के 19वें ओवर में मैच का पासा राजस्थान की तरफ पलट दिया। उन्होंने हर्षित राणा के आखिरी ओवर में 19 रन बटोरे। इस दौरान इंग्लिश बल्लेबाज ने दो छक्के और एक चौका लगाया। 20वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने अपना शतक पूरा किया। यह आईपीएल 2024 का उनका दूसरा शतक है। इससे पहले बटलर ने बेंगलुरु के खिलाफ जोरदार शतक जड़कर टीम को जीत दिलाई थी। बटलर ने इस मुकाबले में 60 गेंदों का सामना किया और 107 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से नौ चौके और छह छक्के निकले।

# विनेश की मांग पूरी करने को आईओए आया आगे, कुश्ती महासंघ से बात कर मान्यता कार्ड दिलाने को कहा



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ से लोहा लेने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट की मांग पूरी होती दिख रही है। उनके कोच वॉलर एकोस, फीजियोथेरेपिस्ट अश्वनी पाटिल और स्पारिंग पार्टनर (अभ्यास कराने वाले) पहलवान अरविंद का बिश्केक (किर्गिस्तान) में 19 अप्रैल से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालिफायर में साथ जा सकते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड जारी कराने को कहा है। आयोजक भी तीनों को मान्यता कार्ड देने को तैयार हो गए हैं, लेकिन इसे जारी करने से पहले एकोस को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की कोचिंग लाइसेंस फीस भरनी होगी।

### साई और आईओए ने किए प्रयास

विनेश ने आरोप लगाया था कि उन्हें ओलंपिक में जाने से रोके जाने की साजिश रची जा रही है। उनके सपोर्ट स्टाफ को क्वालिफायर में साथ नहीं भेजे जाने के लिए उन्हें मान्यता कार्ड जारी नहीं किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि विनेश के आरोपों के बाद साई ने आईओए से इस दिशा में कदम उठाने को कहा। आईओए ने कुश्ती महासंघ से तीनों सपोर्ट स्टाफ का मान्यता कार्ड बनवाने का लिए कहा। कुश्ती महासंघ ने भी यूडब्ल्यूडब्ल्यू से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड बनवाने को कहा। बतौर कोच टूर्नामेंट में शिरकत करने के लिए कोच के पास विश्व संस्था का लाइसेंस होना जरूरी है, जो एकोस के पास नहीं है। आयोजकों ने भी कहा है कि एकोस लाइसेंस फीस भर दें तो उन्हें मान्यता कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

### 50 भार वर्ग में खेलेंगी विनेश

हंगरी के कोच वॉलर एकोस टोक्यो ओलंपिक के दौरान भी विनेश के साथ थे। तब कुश्ती महासंघ ने विनेश के खराब प्रदर्शन के पीछे एकोस को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि विनेश ने एकोस पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर अपने साथ जोड़ा है। एकोस को ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट ने विनेश को उपलब्ध कराया है। विनेश क्वालिफायर में 50 भार वर्ग में शिरकत करेंगी। क्वालिफायर में शिरकत करने के लिए भारतीय टीम मंगलवार को बिश्केक रवाना हो रही है।

## महंगाई में पाक ने पूरे एशिया में किया टॉप

नई दिल्ली। पाकिस्तान की हालत बद से बदतर होती जा रही है. पाकिस्तान में जिंदगी बिताने वाले हर एक चीज के लिए बड़ी से बड़ी कीमत चुका रहे हैं. एडीबी के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है. आने वाले दिनों में हालात इससे भी बुरे हो सकते हैं. पाकिस्तान में गरीबी ) का स्तर तेजी से बढ़ रहा है. आने वाले दिनों में पाकिस्तान के में रहने वाले एक करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा से नीचे जा सकते हैं.पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है. एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई.

# अमेरिकी जेक सुलिवन ने भारत दौरा किया स्थगित



नई दिल्ली। इजराइल पर ईरान की तरफ से किए गए हमलों के बाद अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अपना भारत दौरा स्थगित कर दिया है। फिलहाल पश्चिम एशिया में बने हालात पर अमेरिका की पैनी नजर है। ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमलों के बाद मध्य पूर्व में हालात हर पल बदल रहे हैं।

हालात इस तरह के बन गए हैं जिसका सीधा असर दुनियाभर के देशों पर पड़ रहा है। इस बीच इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बाद पश्चिम एशिया में बनते बिगड़ते समीकरणों के मद्देनजर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इस सप्ताह अपने भारत दौरे को स्थगित कर दिया है।

बाइडेन सरकार के अधिकारी अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ च्महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अमेरिका-भारत पहलज् (आईसीईटी) सहित अन्य मुद्दों पर बैठक करने वाले थे। सुलिवन ने इस साल दूसरी बार अपने भारत दौरे को स्थगित किया है।

अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने बताया, पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम के कारण सुलिवन ने इस सप्ताह अपने भारत दौरे को स्थगित किया है।

# बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउल्लिन को हराया



बार्सिलोना। पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया।

स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। सोमवार का दिन बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की।

हार्ड 2018 में क्विटो में विक्टर एस्ट्रेला बर्गोस के बाद एटीपी टूर मैच जीतने वाले पहले डोमिनिकन बन गए।

हार्ड, जो अब तक बार्सिलोना में अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप एटीपी लाइव रैंकिंग में 30 स्थान ऊपर चढ़कर 199वें नंबर पर पहुंच गए हैं, उनका अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी से होगा। ब्रैंडन नकाशिमा और हेरोल्ड मायोट ने भी सोमवार को दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया। नाकाशिमा ने 2023 के सेमीफाइनलिस्ट डेनियल इवांस को 7-6(5), 6-2 से हराकर दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से मुकाबला तय किया, जबकि क्वालीफायर मेयोट ने पेड्रो कैचिन को 7-6(5), 2-6, 6-3 से हराकर कैमरून नोरी का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर लिया है।

# आरबीआई का निर्देश, लोन लेने वालों को सरल शब्दों में दे विवरण

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि वे लोन लेने वाले संभावित ग्राहकों को उन ऋणों और ब्याज के बारे में सरल शब्दों में 'मुख्य तथ्यों का विवरण' (केएफएस) प्रदान करें, जिनका भुगतान करने की उनसे अपेक्षा की जाती है ताकि उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद मिल सके। ग्राहकों को बैंकिंग के तकनीकी शब्दों के जाल से बचाने के लिए केंद्रीय बैंक ने यह पहल की है।

निर्देश में कहा गया है कि बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी सभी विनियमित संस्थाओं को आरबीआई द्वारा दिए गए मानकीकृत प्रारूप के अनुसार, ऋण अनुबंध निष्पादित करने से पहले सभी संभावित उधारकर्ताओं को केएफएस प्रदान करना होगा। आरबीआई ने कहा, केएफएस ऐसे ग्राहकों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में लिखा जाएगा। इसके कंटेंट को उधारकर्ता को समझाया जाएगा और एक पावती प्राप्त की जाएगी कि उसने इसे समझ लिया है।

आरबीआई के निर्देश में कहा गया है कि केएफएस को एक यूनीक प्रोपोजल नंबर प्रदान किया जाएगा और सात दिन या उससे अधिक की अवधि वाले ऋणों के लिए कम से कम तीन कार्य दिवसों की वैधता अवधि होगी। सात दिन से कम अवधि वाले ऋणों के लिए एक कार्य दिवस की वैधता अवधि होगी। आरबीआई ने केएफएस पर सभी निर्देशों और वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) के प्रकटीकरण में सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया है।यह पारदर्शिता बढ़ाने और विभिन्न विनियमित संस्थाओं द्वारा पेश किए जा रहे वित्तीय उत्पादों पर सूचना विषमता को कम करने के लिए किया जा रहा है, जिससे उधारकर्ताओं को सूचित वित्तीय निर्णय लेने में सशक्त बनाया जा सके।

# ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर माइकल स्लेटर को कोर्ट ने सुनाई जेल की सजा



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर माइकल स्लेटर को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया की अदालत ने माइकल स्लेटर को मारपीट और पीछा करने सहित अन्य आरोप में जेल की सजा सुनाई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माइकल स्लेटर पर तकरीबन 1 दर्जन से अधिक आरोप दर्ज हैं. जिसमें गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोटने जैसे संगीन आरोप शामिल हैं. इससे पहले सोमवार को माइकल स्लेटर को क्वींसलैंड के मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माइकल स्लेटर पिछले 5 दिसंबर से 12 अप्रैल के बीच विभिन्न तारीखों पर सनशाइन तट पर कथित अपराधों के कुल 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं. दरअसल, माइकल स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा आदेश समेत 10 आरोप हैं. लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि माइकल स्लेटर की मुश्किलें बढ़नी तय हैं.बताते चलें कि ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल स्लेटर ने साल 1993 में अपना डेब्यू किया. इसके बाद वह 2003 तक खेलते रहे. ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल स्लेटर ने 74 टेस्ट मैचों के अलावा 42 वनडे मुकाबले खेले.

# अमेरिका ने कबूल की भारत की ताकत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत लगातार दुनिया में अपनी धमक जमा रहा है, इस बात को अब अमेरिका ने भी कबूल कर ली है. अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि भारतीय फौज लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है. भारत चीन को पछाड़ने में लगा है और रूसी रक्षा उपकरणों से निर्भरता कम कर रहा है. अधिकारी ने बताया कि भारतीय फौज लगातार आधुनिक हो रही है.

चीन से मुकाबला करने को लेकर अमेरिका की संसद में चल रही बैठक के दौरान अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस बोल रहे थे. इस दौरान सदन में उन्होंने सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उप समिति के सदस्यों से भारत को लेकर कई बातें कही. उन्होंने कहा, भारत पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन की अगुवाई कर खुद को वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है. उन्होंने कहा भारत ने पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला कर खुद को सक्षम साबित किया है.

जनरल जेफरी क्रूस ने कहा कि भारत ने अपने प्रशिक्षण विक्री और प्रशिक्षण के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ उन्नत साझेदारी की है. अमेरिका, फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है. जनरल जेफरी क्रूस ने कहा कि साल 2023 में भारत ने चीनी सेना से मुकाबला करने के लिए और रूसी रक्षा उपकरणों से निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाये हैं.

अमेरिकी खुफिया एजेंसी के प्रमुख अधिकारी ने कहा कि भारत ने स्वदेशी विमान वाहक पोत का समुद्र में परीक्षण किया है. इसके अलावा प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को लेकर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत की है.

## प्रथम पेज का शेष

***छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़....***

छह दिन पूर्व दो दिवसीय दौरे पर गृहसचिव अजय कुमार भल्ला और आईबी के डायरेक्टर तपन कुमार डेका पहुंचे थे। उन्होंने बैठक ली। बैठक में 10 राज्यों के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी भी आनलाइन शामिल हुए। साथ ही बैठक में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव और नक्सल इलाकों में रणनीति को लेकर चर्चा की गई है। वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल मोर्चो में आगे कई खुफिया आपरेशन की रणनीति बनाई गई। साथ ही खुफिया सूचना पर कश्मीर की तरह टारगेट बेस आपरेशन लांच करने पर बात की गई थी। कांकेर में मुठभेड़ का असर सीधे तौर पर दिख रहा है। डीआईजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया की काफी दिनों से नक्सल कमांडर की इलेक्शन को लेकर का कांकेर की सिचवेशन को लेकर सेंट्रल कमेटी और सब जोनल कमेटी की कमांडर की मूवमेंट की खबर मिल रही थी इसके लिए पुलिस और बीएसएफ आपरेशन की तैयारी कर रहे थे उसी के तहत आज ऑपरेशन प्लान किया था आज हमारे पास बीएसएफ के पुख्ता जानकारी थी।

पुलिस ने भी कन्फर्म किया जिसके बाद हमने आपरेशन में बड़ी तादात में 185 के करीब एक जगह और 200 के करीब एक जगह नक्सली को ऑपरेट करा रहे थे और हमे और खबर मिली की शंकर राव और दूसरे सीनियर सेंट्रल कमांडर रामवेद की मौजूदगी की खबर मिली जिसके बाद खबर मिलते ही ऑपरेशन को लॉन्च किया और बीएसएफ की कमांडो प्लाटून जिसको लीड कर रहे थे रमेश चंद्र चौधरी जिनकी सबसे पहले नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है। बीएसएफ कमांडो प्लाटून जो पूर्व दिशा से नक्सलियों से अटैक किया जिसमे बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए नक्सलियों के पास कोई रास्ता नहीं बचा था। दूसरे नाले की तरफ से डीआरजी की टीम ने घेर रखा था जिसमे ये नक्सली मारे गए है। ये बहुत बड़ी ऐतिहासिक सफलता है खासकर के जनता के लिए जो प्रशासन ने आश्वासन दिया था शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जनता को जो पुलिस और हमारी ओर से वोटिंग के लिए संदेश दे रहे थे। चुनाव से पहले ये कांकेर की जनता को बहुत बड़ा तोहफा है।

***सुरजेवाला का बयान...***

कि आयोग द्वारा आपके स्तर पर पार्टी के संज्ञान में लाने के बावजूद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रचारक अभी भी इसमें शामिल हैं. ऐसे बयानों को लेकर जो महिलाओं के सम्मान और प्रतिष्ठा के खिलाफ है

0 रणदीप सुरजेवाला ने दी थी सफाई- वहीं अपने बयान के बाद कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की. उन्होंने ये भी कहा कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं. उन्होंने कहा था, ''पूरा वीडियो सुनिए. मैंने कहा कि हम तो हेमा मालिनी जी का भी बहुत सम्मान करते हैं. क्योंकि धर्मेंद्र जी से उनका विवाह हुआ है, वह बहू हैं हमारी.''

0 हेमा मालिनी ने क्या कहा था?- सांसद हेमा मालिनी ने सुरजेवाला की अपने प्रति कथित अभद्र टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि निशाना उन्हीं लोगों को बनाया जाता है जो नाम वाले होते हैं. उन्होंने कहा कि जिनका नाम नहीं है उनको टारगेट करके फायदा क्या होगा? सांसद ने कहा कि उन्हें नहीं मालूम, कि कांग्रेस नेतृत्व ऐसे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं करता? उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चाहिए कि महिलाओं का सम्मान कैसे करना चाहिए. सुरजेवाला ने हरियाणा में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए हेमा मालिनी को लेकर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी.

***टीएमसी बंगाल में जनसांख्यिकी...***

और उन्हें जेलों में जगह मिलनी चाहिए। श्री मोदी ने इससे पहले दिन में दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट में कहा कि टीएमसी सीएए पर झूठ फैला रही है और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बन गया है।

# सुरक्षा कारणों से ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बदलाव संभव, पहली बार पर्पल रंग का एथलेटिक ट्रैक



पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक के होने वाले उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों के चलते प्रस्तावित सीन नदी की जगह स्टेडियम में स्थानातंरित भी किया जा सकता है। पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किया जाना है। फ्रांस को हाई अलर्ट पर रखा गया है क्योंकि इन आयोजनों के दौरान दुनिया भर से लोग पेरिस आएंगे। मूल कार्यक्रम के अनुसार सीन नदी के 6 किलोमीटर के रूट पर खुले आसमान के नीचे नावों पर 10,500 एथलीटों की परेड निकलेगी।

ऐसा पहली बार हो रहा है कि ओलंपिक का उद्घाटन समारोह स्टेडियम के बाहर आयोजित किया जा रहा है। लगभग तीन लाख दर्शक नदी के किनारों से समारोह का अवलोकन कर सकेंगे। मैक्रों ने कहा कि अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास बी और सी योजना भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जोखिम को कम करने के मद्देनजर एथलीटों की परेड के कार्यक्रम को छोटा किया जा सकता है अथवा यह भी हो सकता है हम उद्घाटन समारोह को परंपरागत रूप से स्टेडियम में ही कराएं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी कार्यक्रम पूर्ववत है। विश्व में ऐसा पहली बार हो रहा है और हम ऐसा करेंगे।

आगामी पेरिस ओलंपिक में एथलीटों को पर्पल रंग के ट्रैक पर रिकॉर्ड बनाने का मौका मिलेगा। ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब ओलंपिक में ट्रैक परंपरागत लाल की जगह पर्पल रंग का होगा। रबड़ ट्रैक उत्तरी इटली की फैक्टरी में तैयार किया गया है जिसे स्टेड डी फ्रांस राष्ट्रीय स्टेडियम में लगाया जाएगा जहां ट्रैक एंड फील्ड की स्पर्धाएं होंगी। रबड़ के एक हजार से ज्यादा टुकड़ों को जोड़कर लगभग एक महीने में ट्रैक तैयार किया जाएगा और काफी मात्रा में ग्लू की जरूरत पड़ेगी। पिछले टोक्यो ओलंपिक में लाल ट्रैक पर तीन विश्व रिकॉर्ड और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। मांट्रियल में 1976 से लेकर अब तक मोंडो कंपनी ही हर ओलंपिक में ट्रैक तैयार करती है।

## मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

रमोना। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है।

# भाजपा कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई

**बालोद (दावा)। ऐसे आधुनिक भारत के रचयिता ज्ञान के प्रतीक, विश्व रत्न, संविधान के निर्माता, गरीब दलित पिछड़ों के उद्धारक, महामानव, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती जूंगेरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार 14 अप्रैल को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व पूजा अर्चना की कर मनाई गई।**



कागज और कलम की ताकत दुनिया की हर ताकत से बड़ी है, एक रोटी कम खाओ पर बच्चों को जरूर पढ़ाओ

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे नितिन नबीन कैबिनेट मंत्री बिहार शासन व लोकसभा चुनाव प्रभारी छत्तीसगढ़, शिवरतन शर्मा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रांतीय संयोजक, रजनीश सिंह संभाग प्रभारी, पूर्व विधायक बेलतरा विधानसभा, लोकसभा कलेक्टर से प्रभारी यशवंत जैन, लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, बालोद जिले के जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, डौंडीलोहारा विधानसभा के प्रभारी राजेश ताम्रकार, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, चमन देशमुख, राकेश यादव , जिला उपाध्यक्ष नरेश यदू , त्रिलोकी साहू, श्रीमती संध्या भारद्वाज , ठाकुर राम चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला मंत्री डिशोक जांगड़े, कृतिका साहू , पूर्व कोषाध्यक्ष मोहन जैन, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नायक, देवेंद्र माहला , होरीलाल रावटे ,अश्विनी यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, रुपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी, मनीष झा, टिनेश्वर बघेल, दुष्यंत सोनवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ग्रामीण सुरेंद्र देशमुख, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, श्याम जैसवाल, ग्रामीण महामंत्री द्वय दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन, सतानंद साहू व पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उक्त जानकारी कमल पनपालिया जिला मिडिया प्रभारी भाजपा जिला बालोद ने दी।

# देश को स्वर्णिम भारत बनाने भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी- दिनेश गांधी

राजनांदगाँव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता व लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक दिनेश गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज देश को दिये गए संकल्प पत्र को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इन दिनों हमारा देश बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा हैं ऐसे समय में मोदी गारंटी 2024 संकल्प पत्र भारत की भावी दिशा तय करने का एक मास्टर प्लान हैं। संकल्प पत्र के माध्यम से लोगों की आशाओं व अपेक्षाओं को पूरा करने की मोदी गारंटी हैं। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश अभूतपूर्व प्रगति और विकास का साक्षी बना हैं। इस कालखंड में निराशा से भरोसा तक की यात्रा को पूरा किया गया हैं आज देश को मोदी जी की हर गारंटी पर अटूट भरोसा हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री गांधी ने आगे कहा कि 2014 में जब मोदी जी की सरकार बनी तब देश कई संकटों से घिरा हुआ था, देश के सामने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन और अनिर्णयकारी रवैये के कारण ठप पड़ी विकास की गाड़ी को पुनः पटरी पर लाने की चुनौती थी। देश को पिछली कांग्रेस सरकार से मिली नेतृत्वहीन, दिशाहीन और नीतिहीन चुनौतियों से निकालकर भारत के संकल्प को ऊर्जा देने का काम श्री मोदी जी ने किया और उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



अब आगे देश को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना हैं। इसके लिए आवश्यक है की देश के गरीब, युवा, किसान महिलाओं का सर्वांगीण विकास हो। इन्ही सब बातों को ध्यान में रख कर संकल्प पत्र 2024 मोदी गारंटी लाया गया हैं। जिसमें प्रत्येक गरीब परिवार को गरीबी से बाहर निकालने व गरिमापूर्ण जीवन स्तर प्रदान करने के लिए मोदी जी ने गारंटी दी हैं। पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया हैं। श्री गांधी ने कहा की वर्ष 2020 से शरू की गई 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन देने की योजना अगले पाँच वर्षों तक जारी रखने का संकल्प लिया गया हैं। इसी प्रकार झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले गरीब परिवारजनों को प्राथमिकता के आधार पर पक्के मकान दिये जाएंगे, पीएम उज्वला योजना को भी आगे जारी रखा जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मध्यम से गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का गुरुत्तर दायित्व भाजपा ने अपने कंधों पर लिया हैं। इस योजन के लाभार्थीयों का बिजली बिल शून्य हो जाएगा। मोदी गारंटी 2024 संकल्प पत्र में मध्यम वर्ग परिवारों, महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों जैसे तबकों का पूरा ध्यान रखा गया हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास जैसी नीतियों के माध्यम से देश को स्वर्णिम भारत बनाने भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी हैं अतएव सभी मिलकर एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को सार्थक करें।

# गायत्री विद्यापीठ में रामायण की थीम पर फैंसी ड्रेस स्पर्धा



राजनांदगांव(दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के कक्षा केजी-टू से कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (रामायण की थीम पर आधारित) का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा एक रामायण के सभी पात्रों का अभिनय के साथ-साथ मुख्य संवाद भी प्रभावी ढंग से बोला गया जिसमें सभी प्रतियोगी विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

उक्त प्रतियोगिता में केजी-टू से प्रथम तिविश खण्डेलवाल, द्वितीय दिव्यांशी त्रिपाठी एवं तिशिका चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली से प्रथम प्रकृति साहू, द्वितीय खुशी सार्वा, तृतीय दिव्यांशी महोबिया रही। कक्षा दूसरी से प्रथम प्रकृति जैन, द्वितीय चारूधि देहरी, तृतीय स्थान पर मौलिक सोनी रहे। उक्त आयोजन से बेहद प्रभावित पालकों ने अपने वक्तव्य में कहा कि गायत्री विद्यापीठ संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। समय-समय पर ऐसे अनेक आयोजन से विद्यार्थियों का चरित्रबल, नैतिक बल विकसित होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उक्त आयोजन से हम प्रफूल्लित है। यह जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है जहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सीमा गायधने द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शाला की शिक्षिका सोनल रायचा, श्रीमती वसुधा लड्डा एवं प्री-प्राइमरी से सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।



# मां बम्लेश्वरी के दरबार में दर्शन को आई महिला बाल विकास मंत्री

**डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े जी सप्तमी के दिन मां के दर्शन कर सभी के सुख शांति की कामना की।**

उनके साथ जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, डोंगरगढ़ महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगड़, मंडल उपाध्यक्ष अंचला ठाकुर, लक्ष्मी यादव, जिला मीडिया सहप्रभारी वत्सला श्रीवास्तव, वरिष्ठ तारा गोरले, बबीता जैन युवा मोर्चा से दुर्गेश साहू, जयंत साहू, आवेश निगम, अमन नामदेव तथा अन्य भाजपा सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# हर वर्ग के विकास की गारंटी है मोदी की गारंटी- विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत आज हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है।

यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है।। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है, कि 2029 तक भारत विश्व की तीसरी



अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। विक्रांत सिंह ने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने 'GYAN' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है ''बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है।

प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा। इसके साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना चलेगी।। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है।। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। साथ ही 5 साल तक मुफ्त राशन की योजना जारी रहेगी। विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

# गोड़ समाज महासभा मोहला के द्वारा आचार सहिता का खुला उलंघन

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। गोड़ समाज महासभा मोहला नरेंद्र सिंह नेताम एवं दिनेश कुरेटी की अध्यक्षता में विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम झिटिया में बैठक रखा गया था। जिसमें गोड़ समाज महासभा मोहला के द्वारा निर्वाचन आयोग जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकीके बिना अनुमति के बैठक आयोजित किया गया था नागवंसी गोड़ समाज अम्बागढ़ चौकी ने नरेंद्र सिंह नेताम के ऊपर आरोप लगाया है कि समाज को दो भागों में बांटने एवं सामाजिक उन्माद फैलाने की मंशा से बैठक आयोजित कर रहे हैं जिला निर्वाचन आयोग मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी को सूचना मिलने पर अपनी टीम उड़नदस्ता ग्राम झिटिया में पहुंची वहां बैठक चल रही थी जिसे स्थगित किया गया जो कि आचार संहिता का खुला उलंघन किया गया।

# गंगाजल की कसम खाकर शराब घर-घर में पहुंचाने वाले भूपेश को महिलाएं नहीं भूली है - मधु बैद

**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं सदर बाजार क्षेत्र की पार्षद मधु बैद ने पूर्ववती कांग्रेस सरकार पर करारा हमला करते हुए कहा है कि गंगाजल की कसम खाकर सरकार बनाने वाले भूपेश बघेल ने कभी भी शराबबंदी की तरफ नजर नहीं दौड़ाई, बल्कि करोना जैसी घातक बीमारी में भी होम डिलीवरी के माध्यम से घर-घर शराब पहुंचाने का कार्य किया।**

इसके पूर्व भाजपा की 15 वर्षो तक डॉ रमन सिंह सरकार ने शराब बंदी के लिए मापदंड के अनुसार धीरे-धीरे इस पर नकेल कसना शुरू किया और शराब दुकानों की संख्या लगातार घटते चली जा रही थी। गांव-गांव में महिला कमांडो के माध्यम से सुरक्षा की जाती थी, जिसके कारण गांव में शराबियों का हुजूम नहीं लगता था, उन्हें महिला कमांडो से डर होता था परंतु भूपेश सरकार के आने के बाद महिला स्वयं सहायता समूह एवं महिला कमांडो की शक्ति खत्म हो गई, जिसके कारण शराब पीने वालों की संख्या तेजी से बड़ी और अराजकता की स्थिति आ गई। मधु बैद ने कहा कि भूपेश ने 16 लाख गरीबों का आवास छीना, इसलिए इस लोकसभा चुनाव में पूरे संसदीय क्षेत्र की महिलाओं ने यह ठान लिया है कि वह सभी बूथों में कमल खिलाकर भूपेश बघेल को वापस पाटन भेजने में महिला मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सामान्य प्रेक्षक ने ली माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक

मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं पुलिस प्रेक्षक योगेंद्र कुमार आज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां पहुंचकर जिले में निर्वाचन कार्य को संपन्न कराए जाने के लिए किए जा रहा है कार्रवाई की जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक लेकर निर्वाचन कार्य को संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी भली-भांति दायित्व निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य को संपन्न कराये। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर जनरल ऑब्जर्वर की प्रतिनिधि के रूप में मतदान केंद्रों में कार्य करेंगे। मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराना आपकी जिम्मेदारी है। निष्पक्षता पूर्वक, बिना किसी भेदभाव के सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराया जाना है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदान दिवस के पूर्व मतदान दलों के साथ पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था, कमियों गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई भी समस्या होने पर उनसे संपर्क कर इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रकार के प्रपत्रों, ईव्हीएम मशीन के संचालन, समस्त पर्ची की सीलिंग, राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर, मॉकपोल, मॉकपोल के उपरांत उक्त वोटों कों डिलीट कर वास्तविक मतदान प्रारम्भ कराना आपकी देखरेख में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का दायित्व है कि वह निर्वाचन के दिन यह सुनिश्चित करें, कि मतदान प्रक्रिया समय पर प्रारंभ हो और समय पर समाप्त हो। माइक्रो ऑब्जर्वर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र में सभी अनिवार्य मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित रहे।

मतदाता रजिस्टर की सभी प्रविष्टियां भरी जाये। यह भी सुनिश्चित करें कि मतदाताओं के पहचान की व्यवस्था, मतदाताओं के द्वारा गोपनीयता का अनुपालन किया जाये।

राजनीतिक अभिकर्ता की गतिविधियां पर नजर रखें। सभी प्रविष्टियों को भरे जाने की प्रक्रिया पर अनिवार्य रूप से नजर रखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। मतदान समाप्ति उपरांत ईव्हीएम मशीन की सीलिंग, स्ट्रांग रूम में जमा कराना जवाबदारी में शामिल है। उन्होंने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार कार्य करने कहा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला तिलई में न्योता भोज का आयोजन



राजनंदगांव (दावा)। समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला तिलई में हायर सेकेंडरी स्कूल के गणित के व्याख्याता श्रीकेश शर्मा द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत स्वादिष्ट न्योता भोज कराया गया।

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बालक, बालिकाओं को न्योता भोज अंतर्गत खीर, पूड़ी, पापड, दाल, भात और स्वादिष्ट सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य आर.के. जोशी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी व्याख्याता, शिक्षक शिक्षिकाओं, मध्यान्ह भोजन समूह तथा रसोईया का सहयोग सराहनीय रहा।

# सेन समाज पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करें - रिकेश सेन

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे को भारी मतों से विजय बनाने हेतु सेन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक कल वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, लोकसभा क्षेत्र के संयोजक मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, जिला सचिव लोकेश सेन, वरिष्ठ पत्रकार विजय कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्भय श्रीवास, सेवानिवृत आरक्षक सुंदरलाल सेन विशेष रूप से उपस्थित हुए।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 01 फरवरी 2023 से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुवात की हैं इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा पत्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग दी जाएगी प्रशिक्षण के दौरान उन्हे पाँच सौ रुपए की राशि प्रदान करने की योजना हैं, सरकार प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थी को टूल किट खरीदने के लिए पंद्रह हजार रुपए की राशि बैंक से ट्रांसफर करेगी। ट्रेनिंग प्राप्त व्यक्ति अपना खुद का व्यवसाय करने के लिए बैंक से पाँच प्रतिशत ब्याज दर पर तीन लाख रुपए तक की राशि का ऋष्टा प्राप्त कर सकते हैं। श्री सेन आगे बताया की इस योजना के लिए सरकार ने 13000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कामकाजी क्षेत्र में सही ट्रेनिंग प्रदान करना तथा उन्हे खुद का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बहुत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाना हैं। इस योजना का लाभ 140 से भी ज्यादा जातियों को प्राप्त हो रहा हैं इस योजना का लाभ सेन समाज के द्वारा किए जाने वाले पारंपरिक व्यवसाय नाई कार्य के लिए भी उपलब्ध हैं समाज के लोगों को इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करना चाहिए।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाए संचालित कर रही है जिनमें प्रमुख रूप से निःशुल्क राशन प्रदान करना, उज्ज्वला गैस उपलब्ध कराना, नल-जल योजना के अंतर्गत हर घर में नल लगवाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान प्रदान करना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पाँच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन हो रहा हैं। सेन समाज सरल एवं सहज रूप से अपना जीवन यापन करते आ रहा हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम हैं। श्री सिंह ने सेन समाज के बंधुओं, बहनों एवं माताओं से आग्रह किया कि केंद्र में फिर एक बार मोदी जी की सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें जिससे छोटे-छोटे शिल्पकारों और कुशल कारीगरों को लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक को लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से सेन समाज के जिला महामंत्री अनूप श्रीवास, दयानंद सेन, सलाहकार महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निशा श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिव श्रीवास, विक्की सेन, मुकेश सेन, गणेश कौशिक, बिहारी सेन, रवि सेन, मनीष सेन, पायल सेन, संतोषी सेन, गौरी कौशिक, हिलेश्वरी सेन

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल को जिताने तरुण सिन्हा गांव-गांव कर रहे जनसंपर्क

**राजनांदगांव (दावा)। छुरिया क्षेत्र के कांग्रेस नेता तरुण सिन्हा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को जीतने के लिए दिन-रात एक करके चुनाव प्रचार कर रहे हैं, यदि श्री सिन्हा जैसे और भी नेता कार्यकर्ता जी-जान लगाकर भिड़ेंगे तो श्री बघेल की आसान जीत तय हैं।**



सिन्हा के प्रचार के तरीके से भाजपा में मच रही खलबली

उल्लेखनीय है कि श्री सिन्हा के चुनाव प्रचार करने के तरीके की चर्चा कांग्रेस के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टी भाजपा में भी होने लगी है। भाजपा में चर्चा है कि तरुण सिन्हा जैसे नेता लोकसभा क्षेत्र में 100-50 भी हो जाए, तो भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद संतोष पांडे के लिए बड़ी मुश्किलें पैदा हो जाएगी। श्री सिन्हा सुबह से लेकर रात तक मानव पेज पसिया लेकर चुनाव प्रचार करते हैं। भाजपा की खामियां बताते हुए और कांग्रेस की विशेषता बताते हुए लोगों से श्री बघेल को मतदान करने की अपील कर रहे हैं, इससे मतदाताओं में मानसिकता श्री बघेल के पक्ष में बन रही है और वह कांग्रेस के महत्व को समझने लगे हैं।

# नक्सल ऑपरेशन पर विजय शर्मा बोले- जवानों के साहस और शौर्य को सलाम, दोबारा नक्सलियों से चर्चा को तैयार पर...

रायपुर। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के एनकाउंटर पर जवानों के साहस और शौर्य को सलाम किया है।



मीडिया से चर्चा में कहा कि कांकेर के दक्षिण में और नारायणपुर के उत्तर में माड़ के एक क्षेत्र में आपरेशन हुआ है। इसमें बड़ी संख्या में नक्सली मारे गये हैं। गृहमंत्री ने दोबारा दोहराया कि वो नक्सलियों से संवाद करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों को साफ पानी मिले, बिजली मिले और विकास का लाभ पहुंचे। हम उनसे संवाद करना चाहते हैं। वे चाहे तो ग्रुप में करें या प्रतिनिधियों के माध्यम से करें। हर हाल में बस्तर को अमन चाहिए। इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। शर्मा ने इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ, डीआरजी, सीएफ के जवानों के ताकत के बूते यह हो पाया है। इसके लिए मैं पुलिस अधिकारियों की भी तारीफ करता हूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा मार्गदर्शन इसके पीछे हैं।कांकेर के छोटे बेटिया के जंगलों में आमने-सामने हुई बड़ी लड़ाई में सुरक्षा बलों के जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। 25 लाख का इनामी नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया। वहीं दो महिला नक्सली ललिता और मांडवी भी ढेर हो चुकी हैं। सबके शव लाने के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। नक्सल मोर्चे पर पहली बार ऐसा हुआ है कि आमने-सामने की लड़ाई में फोर्स नक्सलियों पर पूरी तरह से हावी दिखे और उन्हें संभलने तक का मौका नहीं दिया। मुठभेड़ में 3 जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए एयर लिफ्ट किया गया है।

### चार महीनों में 50 से अधिक नक्सली मारे गये

राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद नक्सल मोर्चे पर सरकार आक्रामक है। विजय शर्मा के हाथों में गृह मंत्रालय की कमान मिलने के बाद इस संबंध में रणनीतिक बैठकें हुई। जहां आपरेशन हुआ, वो माड़ का इलाका है जो नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। इनपुट के आधार पर डीआरजी, सीआरपीएफ, सीएफ की संयुक्त टीम निकली और एक बजे के आसपास नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। चार महीनों में पुलिस जवानों ने 50 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया था और आज के आपरेशन के बाद इसकी संख्या 80 तक पहुंच गई है।

# छत्तीसगढ़ के किसान, कला-संस्कृति के हितैषी है भूपेश बघेल - रुबिना अल्वी



राजनांदगांव (दावा)। आज रामपुर, अमलीडीह, बरसनटोला में कला जत्था के साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल के प्रचार के दौरान प्रदेश महिला महासचिव रूबीना अल्वी सम्मिलित हुए और सभा को सम्बोधित करते हुए भूपेश बघेल पिछले पांच साल के कार्यों की सराहना करके उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ में कसडोल के पूर्व विधायक शंकुतला साहू, ब्लाक अध्यक्ष चेतन साहू, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रुति शुक्ला एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से प्राचार्य की मौत, चुनाव ट्रेनिंग से लौटने के दौरान हुआ हादसा

खैरागढ़ (दावा)। तेज रफ्तार का कहर जिले में थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान चली जा रही है। बीती रात सोमवार 15 अप्रैल को फिर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें ग्राम ढाबा के हाईस्कूल के प्राचार्य 55 वर्षीय विजयलाल रजक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विजयलाल रजक चुनाव ट्रेनिंग में शामिल होने खैरागढ़ आए थे। ट्रेनिंग के बाद वे अपने घर लौट रहे थे, तभी नर्मदा और चकनार के बीच तेज रफ़्तार ट्रेलर की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मिली



जानकारी अनुसार विजयलाल रजक करीब साढ़े छह बजे चुनाव ट्रेनिंग लेकर वापस पेंडरवानी जा रहे थे। जब वह नर्मदा क्रॉस करके आगे बढे, तब उनके पीछे कवर्धा जा रही दो ट्रेलर वाहन थे, जिसमें से एक ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

मृतक के रक्त रंजित होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान कार से गुजर रहे एसपी ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों ने मदद की,वहीं मौके पर चकनार के अन्य ग्रामीणों की मदद से उन्हें गंडई हास्पिटल लाया गया, जहां शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

# मोदी की गारंटी से देशवासियों में उम्मीद जगी है - अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। स्थानी उदयाचल भवन में कल व्यापारी सम्मेलन संपन्न हुआ. जिसमें 32 संगठनों के प्रमुख व्यापारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण और ईमानदारी से उसका क्रियान्वयन करने पर व्यापारी सदैव ही सजग और सक्रिय रहा है, मोदी जी की गारंटी विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही है, इसके पीछे मोदी जी का 10 वर्षो का अथक परिश्रम है।

श्री सिंह ने कहा की मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में लघु एवं मध्यम व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करेगी। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में व्यापारी जगत का बड़ा योगदान हैं, मोदी जी ने मेक इन इंडिया एवं लोकल फॉर वोकल का नारा देकर भारतीय व्यापरियों के लिए सुगम व्यापार के बाजार खोलने का मार्ग प्रसस्त किया हैं। मोदी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का पालन किया, और सभी के लिए रोटी, कपड़ा, मकान, स्वच्छता, बिजली, जल व रोजगार की न्यूनतम सुविधा से अंतिम व्यक्ति का भला करने का लक्ष्य को लेकर पूरी ईमानदारी से जूटे हुए हैं। अभिषेक सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाला भविष्य



**सर्वसमाज की चिंता और लेन-देन में पारदर्शिता व्यापारी की पहचान है- अजय भसीन**

भारत का है, अब चीन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पाकिस्तान कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। अब विश्व की सभी बड़ी कंपनियां भारत आने के लिए उत्सुक हैं, इसलिए भारत के व्यापारी निडर होकर अपना व्यापार कर सकते हैं, क्योंकि देश में एक मजबूत सरकार बैठी है। अभिषेक सिंह ने 26 अप्रैल को देश में फिर से मजबूत सरकार बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार व्यापार सम्मेलन के शुभारंभ में स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष राजा माखीजा ने दिया, तत्पश्चात अपने उद्बोधन में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय भसीन ने कहा कि मोदी जी को मजबूत करने के अभियान में सर्वाधिक सक्रिय भूमिका व्यापारी वर्ग की रहती है। व्यापारी ही ऐसा व्यक्ति है जो सर्व समाज की चिंता और लेनदेन में पारदर्शिता अपनाते हुए समाज और देश की चिंता करता है। सम्मेलन को व्यापारी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, लाभचंद बाफना ने भी संबोधित किया। उदयाचल परिसर व्यापारियों से खचाखच भरा हुआ था, और सभी व्यापारी उत्साहित दिखे सम्मेलन का सफल संचालन राजकुमार बाफना ने किया एवं आभार प्रदर्शन पूर्व जिला संयोजक एवं प्रदेश सदस्य उत्तम गिडिया ने किया।

सम्मेलन को मधुसुदन यादव, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, भरत वर्मा, नीलू शर्मा, पुखराज बाफना, मनोज बैद, आलोक बिंदल एवं सहसंयोजक जैनम बैद ने भी सबोधित किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विष्णुप्रसाद लोहिया, उमेदचंद कोठारी, सागर गोलछा, योगेश सारथी, सुभाष हरिहरणो, सुधा पावर जी, चंकी अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, योगेश खत्री, राहुल जायसवाल, पंकज जैन, संजय शर्मा अनिल पुराणीक, हर्षु भाई रायचा, संतोष सावा, नाथा भाई रायचा, विजय हरिहारणों, अनिल बराडिया, जबल चंद, सुनील उभरानी, सुरेश अग्रवाल, एवं महेश आहूजा सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित थे।

# आईबी.ग्रुप ने सम्प्रदायिक सद्भाव का उत्कृष्ठ उदाहरण पेश किया

*राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्र में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की रमजान के पाक महीने में मुस्लिम भाई रोजा रखकर मुस्लिम समुदाय भी सेवा कर रहे हैं। टेकाहरदी स्थित एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। चैत्र नवरात्र में रमजान के पाक महीने की शुरूआत एक बड़ा संयोग बना है। एक ओर हिन्दू समुदाय नववर्ष संग चैत्र नवरात्र पर्व के भक्ति में लीन है, तो वहीं रमजान में पांच वक्त की नमाज अदा करते रोजेदार पदयात्रियों की सेवा सत्कार में डटे हुए हैं।*



**रोजा रखकर माँ के भक्तों की सेवा में जुटे मुस्लिम भाई**

नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा जतन में मध्य भारत का अग्रणी कृषि आधारित उद्योग 'एबीस ग्रुप' भी हाथ बंटा रहा है। टेकाहरदी में ग्रुप के द्वारा बनाए गए पंडाल में भक्तों का खूब ख्याल रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार में आई.बी. ग्रुप के जिम्मेदार सदस्यों की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए हैं। बताया जाता है कि मां के दरबार में माथा टेकने के लिए पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन पोहा, चाय नाश्ता परोसे जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

आई.बी.ग्रुप के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि विगत 40 वर्षो से पूर्व से ही रायपुर नाका स्थित वर्कशॉप में पदयात्रियों के लिये एबीस ग्रुप के चेयरमेन सुल्तान अली, प्रबंध निदेशक बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल व शरबत, फलों का इन्तेजाम किया जाता रहा है और अब लगातार विगत 20 वर्षो से दोनों नवरात्रि पर्व पर ग्राम टेकाहरदी में भव्य पण्डाल लगाकर पद्यात्रियों के आराम करने हेतु गद्दे, पंखा, कूलर, भोजन, नाश्ता आदि का सुव्यवस्थित इंतेजाम किया जाता है जो हिन्दु मुस्लिम एकता की एक शानदार मिसाल है। उपवास के खानपान से भक्तों की थकान दूर की जा रही है।

एबीस ग्रुप की ओर से नवरात्र पर्व पर विशेष ख्याल रखने के लिए पंडाल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। दूरदराज से पहुंचे भक्तों की आवभगत में ग्रुप बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। ग्रुप की ओर से बताया गया है कि हर साल दोनों नवरात्रि के मौके पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए भक्तों की सेवा जतन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। लिहाजा हर साल विशेष पंडाल लगाकर मां के भक्तों के लिए बेहतर इंतजाम करने का प्रयास किया जाता है।

बहरहाल एबीस ग्रुप जनहित से जुड़े कार्यो के प्रति बेहतर कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। पंडाल की व्यवस्था देखकर दूरदराज से पहुंच रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहता है। इस पवित्र सेवा में शेख ग्यासुद्दीन भाई, शेख नवाबुद्दीन, अकरम खान, मजहर खान, फिरोज भाई, शकील सिद्दीकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग मिल रहा है।

# जीएसटी से है व्यापारी परेशान : अरुण वोरा



राजनांदगांव (दावा)। संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए आज दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कामठी लाइन सहित शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष मे मतदान की अपील की। अरुण वोरा व्यापारी वर्ग से जीवंत संपर्क करते हुए उनसे चर्चा की।

इस दौरान व्यापारियों ने खुलकर भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोला विशेष कर जीएसटी की परेशानी से व्यापारी जहां मानसिक आर्थिक एवं शारीरिक रूप से परेशान है और व्यापार करना मुश्किल हो गया है, लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार को व्यापारियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है और वे लगातार तुगलकी फरमान से लागू जीएसटी के चलते व्यापारियों पर दबाव डालकर सिर्फ और सिर्फ वसूली का काम कर रही है, जिससे आम जनता भी परेशान है।

श्री वोरा के साथ जनसंपर्क के दौरान चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष रमेश राठौड़, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा, कमलजीत सिंह पिंटू, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, अजय मिश्रा, नथमल कोटडिया, हनी ग्रेवाल, झम्मन देवांगन, माया शर्मा, शेषनाथ, नरेश शर्मा, शरद खंडेलवाल, जितेंद्र शर्मा, सुरेंद्र देवांगन, अतुल शर्मा, मामराज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# राम नवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। देशभर में 9 से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि की धूम है। मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक माता की पूजा अर्चना जारी है। लोग अपनी मंदिरों में पहुंच रहे हैं। इधर रामनवमी को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इधर शहर श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के सदस्यों ने मंगलवार को प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता ली।

पत्रकारों को समिति के सदस्यों ने बताया कि 17 अप्रैल को शहर के महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दूसरे दिन बुधवार 18 अप्रैल को श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुणे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। शोभायात्रा में बैंड, डीजे, आदिवासी नृत्य, ढोल नगाड़े तासे सहित 24 तरह के वाद्य यंत्र रहेंगे। बताया गया कि शोभायात्रा में लगभग दस हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद समिति के सदस्य ने रखी है। शोभायात्रा के बाद प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। शोभायात्रा के संदर्भ में सभी प्रमुख समितियां से चर्चा की गई है ताकि रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जा सके।



### 18 साल पहले हुई थी शुरुआत

समिति से जुड़े अनूप श्रीवास ने बताया कि 18 साल पहले रामनवमी की शुरुआत की गई थी उसे समय संसाधन कम थे और लोगों की उपस्थिति 200 से 300 के बीच हुआ करती थी। समय परिवर्तन के बाद लोगों ने की भी रुचि बढ़ते चली गई और शोभायात्रा विशाल का रूप लेना शुरू कर दिया।













# भाजपा का संकल्प पत्र : बुनियादी जरूरतों पर फोकस - अशोक लोहिया

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के सीनियर मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया ने भाजपा के संकल्प पत्र 2024 - मोदी की गारंटी के संदर्भ में कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र लोक लुभावने वायदों से परे हैं तथा उसमे ऐसे वायदे किए गए हैं जो देश के बुनियादी जरूरतों के लिए आवश्यक हैं, जिसे भाजपा की सरकार सहजता से पूरा कर सकेगी।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री लोहिया ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में तीन करोड़ नये पीएम आवासों का निर्माण किए जाने का वायदा किया हैं। मुद्रा योजना में युवाओं को अब दस लाख रुपए की बजाय बीस लाख रुपए तक ऋण कम ब्याज दर पर उपलब्ध होगा, भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल में समान नागरिक संहिता लागू करेगी तथा एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए भी कार्य योजना को अमलीजामा पहनाएगी। किसानों के लिए सम्मान निधि योजना जारी रखी जाएगी। मोटे अनाजों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की जायेगी, रेल परिवहन को सरल एवं सुगम बनाने अत्याधुनिक सुविधाये उपलब्ध कराई जाएगी, पीएम सूर्य घर योजना से गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। श्री लोहिया ने आगे कहा की 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों को पांच लाख रुपए तक का आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा।



श्री लोहिया ने संकल्प पत्र पर आगे कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन की तकनीकी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि कर विश्व का अग्रणी देश बनने कार्य योजना बनाएगा। यात्री मालवाहक परिवहन के विस्तार के लिए प्रति वर्ष 5000 किलो मीटर नई रेल पटरियाँ बिछाई जायेगी, आराम दायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वन्दे स्लीपर ट्रेन प्रारंभ की जायेगी। भाजपा वामपंथी उग्रवाद को पूर्ण रूप से समाप्त करने लिए अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित अर्धसैनिक बलों को मजबूत करने हेतु कार्य योजना बना कर विकास और कल्याणकारी योजनाओं को वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में अंतिम छोर तक पहुचाया जाएगा, इस बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करके विकसित भारत की प्रतिबद्धता को भाजपा पूरा करेगी। ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने प्रधानमंत्री जी के 5-एस विजन- सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि के माध्यम से भारत की स्थिति को और अधिक मजबूत करने कदम उठाए जाएंगे। भाजपा भारत को संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता हासिल कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसी तरह भारत से अवैध रूप से ले जायी गई भारतीय धरोहर की मूर्तियों एवं कलाकृतियों को वापस लाने के लिए कार्य करेगी।

श्री लोहिया ने संकल्प पत्र पर आगे कहा कि भाजपा मिशन लाईफ के अंतर्गत सर्वोत्तम पारंपरिक और समकालीन प्रयासो की एक रीपाजिटरी तैयार करेगी जिससे विश्व को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने में मदद मिलेगी। पूरे देश में रीसाईक्लिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, पर्यावरण संरक्षण के लिए ई-बस, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रसार, एथेनाल और बायो फ्यूल का उपयोग करेंगे इन सब योजनाओं से हमारे नागरिकों के लिए स्वस्थ्य वातावरण सुनिश्चित होगा। इस प्रकार भाजपा ने अपने संकल्प पत्र 2024 में बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेक वायदे किए हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने अपने पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में पूर्व में की गई सभी घोषणाओं को पूरा किया हैं और अब आने वाले वर्षो में संकल्प पत्र में किए गए सभी वायदे पूरा किए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक हैं की आमजन केंद्र में फिर से मोदी जी को सत्ता सौपने के लिए संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भारी बहुमत से विजयी बनावे।

**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल लड़के की
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
संपर्क करें दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com